वर्ष-3, अंक-244
इन्दौर, बुधवार
20 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761


**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य




इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पर पैसे बांटने का आरोप

### 5 करोड़ लाए थे, मुंबई में होटल से 9 लाख मिले ; विनोद तावड़े बोले– ये साजिश

**मुंबई (एजेंसी)।** कुर्सी पर बैठे हुए विनोद तावड़े (भगवा रंग की जैकेट में)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले मंगलवार, 19 नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा। मुंबई के उपनगर विरार के होटल में चुनाव आयोग के अफसरों ने तावड़े के कमरे से 9 लाख रुपए और कागजात बरामद किए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि चुनाव आयोग ने सिर्फ इतना कहा है कि कुछ सीज किया गया है। डिटेल में जानकारी नहीं दी है। विपक्ष के आरोप के बाद चुनाव आयोग ने विनोद तावड़े और नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत ख्रढ्ढक्र दर्ज कराई है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास अघाड़ी (BVA) के विधायकों ने आरोप लगाया कि तावड़े मंगलवार को 5 करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके के एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी। BVA के मुताबिक, होटल में वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। जानकारी मिलने पर हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज ठाकुर भी होटल पहुंचे। BVA और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर विवाद हुआ। क्षितिज ठाकुर नालासोपारा सीट से BVA उम्मीदवार भी हैं। होटल के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें BVA कार्यकर्ता नोट लिए दिखाई दे रहे हैं। एक युवक के हाथ में एक डायरी है।

#### तावड़े बोले- मैं कार्यकर्ताओं की मीटिंग में गया था

विनोद तावडे ने कहा– नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी। चुनाव के दिन की आचार संहिता की 12 बातें बताने के लिए मैं वहां पहुंचा था। हमारी सामने वाली पार्टियों को लगा कि मैं वहां पैसे बांटने पहुंचा हूं। इन आरोप की चुनाव आयोग और पुलिस जांच करें। मैं 40 साल से पार्टी में हूं। सभी मुझे जानते हैं। मैं भी चाहता हूं कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।


#### ठाकुर बोले- होटल के CCTV बंद थे, हमने चालू कराए

हितेंद्र ठाकुर ने कहा– मुझे जानकारी मिली थी कि विनोद तावड़े वोटर्स को रुपए बांटने आ रहे हैं। मुझे लगा उनके जैसा राष्ट्रीय नेता इतना छोटा काम नहीं करेगा। मैंने उन्हें होटल में जाकर देखा तो वहां सीसीटीवी बंद थे। हमारे कहने के बाद सीसीटीवी चालू किए गए। तावड़े वोटर्स को पैसे बांट रहे थे। वे होटल में 3 घंटे से ज्यादा समय तक रहे।



## पुतिन ने परमाणु हमले से जुड़ा नियम बदला

### मिसाइल हमले के जवाब में परमाणु हमला कर सकता है रूस



**मुंबई (एजेंसी)।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देने से जुड़े एक फैसले को मंजूरी दे दी है। न्यूज एजेंसी-क्क के मुताबिक, अगर कोई देश किसी परमाणु शक्ति वाले देश के साथ मिलकर रूस पर मिसाइल हमला करता है, तो ऐसी हालात में मॉस्को न्यूक्लियर हथियार का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दरअसल, दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के भीतर लंबी दूरी के मिसाइलों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दी थी, जिसके बाद पुतिन ने यह फैसला किया। पुतिन ने परमाणु हथियार से जुड़े नए आदेश पर दस्तखत यूक्रेन जंग के 1000 दिन पूरे होने पर किया है।

अमेरिका ने यूक्रेन को आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (ATACMS) इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। यह मिसाइल सिस्टम 300 किमी तक सटीक हमला कर सकता है। पिछले कुछ समय से अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर विचार कर रहे थे।

इस पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने चेतावनी दी थी कि ऐसे हथियारों के इस्तेमाल करने की इजाजत देने का मतलब यह समझा जाएगा कि NATO, रूस के खिलाफ जंग में उतर चुका है। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा होता है तो वे इसका जवाब जरूर देंगे। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी मिलती है तो वो समझेंगे कि जंग में ड्डड्ढह्र की एंट्री हो चुकी है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी मिलती है तो वो समझेंगे कि जंग में ड्डड्ढह्र की एंट्री हो चुकी है। पुतिन ने एक सरकारी टीवी चैनल पर कहा था कि अमेरिका के यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने से बहुत कुछ बदल जाएगा।

## भरूच में खड़े ट्रक से भिड़ी ईको कार 6 की मौत

### कार को कटर से काटकर निकालना पड़े शव

**भरूच (एजेंसी)।**

भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे इसमें दो बच्चों और दो महिलाओं सहित 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 4 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने के लिए कटर से कार को काटना पड़ा। मृतकों में सपनाबेन जयदेव गोहिल,जयदेव गोविंदभाई गोहिल,कीर्तिकाबेन अर्जुनसिंह गोहिल, हंसाबेन अरविंद जादव, संध्याबेन अरविंद जादव,विवेक गणपत परमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यहां एक ईको कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि ईको कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को वहां 4 लोग घायल अवस्था में मिले, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंबूसर पुलिस ने मृतकों क शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचा दिये हैं। बताया जा रहा है कि इको गाड़ी में सवार सभी लोग जंबूसर के वेडच और पांचकड़ा गांव के रहने वाले हैं। सभी शुक्लतीर्थ में चल रहे मेले से लौट रहे थे। गाड़ी मे 10 लोग सवार थे, जिसमें से 6 की मौत हो गई।



## इस्लामाबाद में दो महीने तक निषेधाज्ञा लागू

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के संघीय अधिकारियों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की प्रदर्शन की योजना के मद्देनजर राजधानी और आसपास के क्षेत्र में पांच या इससे अधिक लोगों के जमा होने एवं सभी तरह की सभाओं पर दो महीने के लिए रोक लगा दी है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि एक साल से अधिक समय से जेल में बंद उसके संस्थापक इमरान खान को रिहा करने पर सरकार को बाध्य करने के लिए 24 नवंबर को इस्लामाबाद में प्रदर्शन किया जाएगा। संघीय सरकार ने इसके बाद इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी जिसके तहत लोगों के जमा होने पर पाबंदी है। इस्लामाबाद के जिला मजिस्ट्रेट उस्मान अशरफ के कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अनुसार धारा 144 लागू कर दी गई है क्योंकि समाज के कुछ तत्व गैरकानूनी तरीके से जमा होने की योजना बना रहे हैं जिससे सार्वजनिक शांति बाधित हो सकती है। अधिसूचना के तहत पांच या अधिक लोगों के सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## ट्रेन नेटवर्क वेतन विवाद के कारण चार दिनों के लिए बंद

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया में सिडनी ट्रेन नेटवर्क वेतन विवाद के कारण चार दिनों तक बंद रहेगा। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) प्रांत की सरकार ने मंगलवार को कहा कि सिडनी की ट्रेनें गुरुवार से चार दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रहेंगी क्योंकि नेटवर्क के कर्मचारी सरकार के साथ वेतन विवाद के कारण हड़ताल पर जाने वाले हैं।

## मणिपुर में मारे गए कुकी उग्रवादियों के समर्थन में प्रदर्शन

### सैकड़ों लोग खाली ताबूत लेकर सड़कों पर उतरे ; कांग्रेस बोली- मोदी जी मणिपुर जाइए

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए कुकी समुदाय लगातार प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को भी जिरिबाम और चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले हफ्ते जिरिबाम के बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन और पास के जकुराधोर में CRPF कैंप पर वर्दीधारी उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि कुकी समुदाय का कहना है कि वे लोग विलेज वॉलंटियर्स थे। यह रैली ज्वाइंट फिलैंथ्रोपिक ऑर्गनाइजेशन (JPO) ने आयोजित की थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई इस रैली में सैकड़ों लोग हाथों में पोस्टर लिए शामिल हुए। इन पोस्टर्स पर मारे गए लोगों के लिए न्याय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग प्रशासन की मांग की गई थी। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी जिद छोड़कर मणिपुर जाना चाहिए।




## एअर इंडिया के 100 पैसेंजर 80 घंटे से अटके

### दिल्ली जा रही फ्लाइट 3 बार टाली; एक बार उड़ान भरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड के फुकेत में 100 से ज्यादा भारतीय यात्री पिछले 80 घंटे से फंसे हुए हैं। ये पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन टेक्निकल इश्यू की वजह से विमान उड़ान नहीं भर पा रहा। बताया गया है कि दिल्ली जा रही फ्लाइट 3 बार टाली गई। एक बार उड़ान भी भरी, लेकिन ढाई घंटे बाद ही इसे फुकेत एयरपोर्ट पर लौटा लिया गया। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को शेयर किया। उनके मुताबिक फ्लाइट 16 नवंबर की रात दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन तकनीकी खराबी का हवाला देकर 6 घंटे के लिए टाल दिया गया। घंटों इंतजार के बाद यात्रियों को बोर्डिंग के लिए कहा गया, लेकिन एक घंटे बाद ही फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। अगले दिन उन्हें बताया गया कि फ्लाइट अब ठीक कर दी गई है। विमान ने उड़ान भरी, लेकिन करीब ढाई घंटे बाद फुकेत लौट आई।




## भारतीयों को उठा कर भाग रहा था पाकिस्तानी जहाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तटरक्षक बलों ने एक बड़ा एक्शन किया है। खबर है कि इंडियन कोस्ट गार्ड के जहाज ने 17 नवंबर को सात भारतीय मछुआरों को बचा लिया। पाकिस्तानी मेरीटाइम सिक्योरिटी एजेंसी का जहाज पीएमएस नुसरत इन मछुआरों को जबरदस्ती गिरफ्तार करके अपनी सीमा पर ले जा रहा था। यानी भारत और पाकिस्तान सीमा के पास से इन मछुआरों को पकड़ रहा था। 17 नवंबर 2024 की दोपहर साढ़े तीन बजे भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजी अग्रिम के पास एक इमरजेंसी कॉल आया। ये एक डिस्ट्रेस कॉल थी यानी मदद के लिए बुलावा। ये कॉल भारतीय फिशिंग बोर्ट काल भैरव से आई थी। जो नो फिशिंग जोन के पास मछली पकड़ रहा था। इसी पाकिस्तानी जहाज ने इंटरसेप्ट कर रोक लिया। उसके बाद उस पर मौजूद सात मछुआरों को पकड़कर वे पाकिस्तान ले जाने का प्लान कर रहे थे। लेकिन आईसीजी की अग्रिम ने फुल स्पीड में जाकर पाकिस्तानी जहाज नुसरत को रोका।



## कांग्रेस जोशीले नेताओं, कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करेगी

**जयपुर (एजेंसी)।**

संगठनात्मक ढांचे की मजबूती बिना विधानसभा उपचुनाव में उतरी कांग्रेस अब उपचुनाव परिणाम के बाद संगठन में सभी स्तर पर जान फूंकने की कवायद में जुटेगी। प्रदेश कार्यकारिणी सहित अग्रिम संगठनों में भी जोशीले नेताओं और कार्यकर्ताओं की फौज खडी की जायेगी ।

ताकि अगले चार साल तक भाजपा की लोगों के बीच जाकर मजबूत घेराबंदी की जा सके। पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा जल्द ही सभी अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करके इस बारे में फैसला लेंगे कांग्रेस के आगामी प्लान के अनुसार अग्रिम संगठनों को मजबूती करने के लिए वहां ट्रेनिंग प्रोग्राम कराए जायेंगे जिससे भाजपा सरकार का हर जिले, ब्लॉक और बूथ स्तर पर तेज विरोध करने के साथ ही लोगों को समझाया जा सके कि जनहित के मुद्दो पर कांग्रेस पार्टी उनके साथ खडी है अग्रिम संगठनों में एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, और सेवादल में प्रमुख रूप से पार्टी गतिविधियों को लेकर कार्यशाला या ट्रेनिंग दी जायेगी। ट्रेनिंग के बाद पीसीसी स्तर सत य किए जाने वाले मुद्दो पर सभी जिलो में विरोध प्रदर्शन बयान जारी करना और रैलियां आयोजित की जायेगी केन्द्रीय आलाकमान स्तर पर तय मुद्दो पर भी सरकार की घेरोबंदी की जायेगी।



# संपादकीय

## छोटे कारोबारियों एवं मध्यम वर्ग की आवाज बने, राहुल गांधी

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक लेख लिखा है, जो कई समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे। जिस तरह से कॉरपोरेट जगत का एकाधिकार सभी क्षेत्रों में बढ़ता जा रहा है। उसके कारण स्थानीय रोजगार, छोटे-छोटे कारोबारियों तथा लघु उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत छोटी एवं मध्यम इकाइयों को वर्तमान समय में जिस चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। लेख में उन्होंने अपनी सोच प्रदर्शित की है। व्यापारिक क्षेत्र में बढ़ती असमानता की समस्या, छोटे व्यापारियों को मिल रही गंभीर चुनौतियों ने मध्यम वर्ग के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से, बड़े कॉरपोरेट्स ने अपनी जड़ें भारत में गहरी कर ली हैं। जिसके कारण छोटे और मंझले व्यापारियों के लिए बाजार में टिके रहना मुश्किल होता जा रहा है। पिछले एक दशक में लाखों छोटे कारोबारियों ने अपना काम बंद कर दिया है। स्थानीय रोजगार बड़ी तेजी के साथ कम होता जा रहा है। पिछले दो दशक में गांव-गांव में ब्रांडेड पैक्ड फूड बिकने लगा है। अब पानी भी गांव-गांव में बिक रहा है। ऑनलाइन ब्रांडेड सामान अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है। यह स्थिति छोटे व्यापारियों एवं स्थानीय उत्पादनकर्ताओं के हितों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। उनके समक्ष प्रतिस्पर्धा में बने रहना मुश्किल हो गया है। दुग्ध उत्पादक, होटल व्यवसाय, छोटे-छोटे कारोबारी जो स्थानीय स्तर पर अपने उत्पाद तैयार करते थे, वह सब धीरे-धीरे बेरोजगार होते जा रहे हैं। बाजारबाद के चलते बड़े-बड़े कॉरपोरेट ने स्थानीय बाजारों में अपना कब्जा जमा लिया है। शहरों की बीमारियां अब गांव-गांव तक पहुंचने लगी हैं। कारोबार पर कॉर्पोरेट का एकाधिकार होता चला जा रहा है। इस बदलती हुई परिस्थितियों में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लेख के माध्यम से अर्थव्यवस्था और भारतीय जीवन शैली को अर्थव्यवस्था के आधार के साथ-साथ रोजगार और महंगाई इत्यादि से जोड़कर उन्होंने समग्र चिंतन रखा है। राहुल गांधी छोटे एवं मध्यम स्तर के कारोबारियों एवं उद्योगों के लिए एक समान अवसर की मांग कर रहे हैं। ताकि स्थानीय स्तर पर कमजोर और मध्यम वर्ग अपनी योग्यता और परिश्रम के बल पर आगे बढ़ सकें। वर्तमान में बड़े व्यवसायिक घराने और कॉरपोरेट्स को विशेष सुविधाएं, कर रियायतें और अन्य लाभ सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। इसके विपरीत, छोटे एवं मध्यम वर्ग के कारोबारियों को प्रशासनिक कठिनाइयों और कानून की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। उनके पास सीमित संसाधन होते हैं। यह असमानता उनके विकास और आर्थिक आधार के अवसरों को सीमित कर रही है। इसके अलावा, डिजिटल व्यापार और ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव ने भी छोटे व्यापारियों की कठिनाइयों को बढ़ा दिया है। बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ग्राहकों को अत्याधिक रियायतें और सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। रियायत देकर वह पहिले सस्ते में सामान बेचते हैं। करोड़ों रुपए का घाटा उठाते हैं, जब मार्केट में एकाधिकार हो जाता है। उसके बाद कीमतें बढ़ाकर आम आदमी का शोषण करते हैं। बड़े कारपोरेट की इस चुनौती का सामना परंपरागत कारोबारियों को नुकसान के रूप में हो रहा है।*

### कहानी

## मुझे चैन से मरने दो

मैं आज सुबह-सुबह अपने घर के छत पर टहल रह था,तभी देखा उसरी नदी में बाढ़ आ गई है। बरसात का दिन था,नदी के उस ओर कुछ विद्यार्थी विद्यालय जाना छोड़ स्नान का आनंद लेने के लिए आए थे।मुझे अपना विद्यार्थी जीवन याद आ गई थी। नदी स्नान का आनंद इसी तरह लिया करते थे। बच्चे स्नान कर रहे थे,आनंद ले रहे थे।तभी अचानक बच्चे बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे।मैं हड़बड़ा गया,मुझे लगा कोई स्नान करते हुए बह गया है।तुरन्त नदी की तरफ लपका।पत्नी चिल्लाई,अजी!कहाँ जा रहे हैं जी? मैं भागते हुए बोला, नदी में कोई बच्चा बह गया है, उसे बचाने जा रहा हूँ।अरे!आप डायबिटीज के मरीज हैं,अभी नाश्ता भी नहीं किए हैं और चले बच्चा बचाने, कुछ सुनते क्यों नहीं जी?अरी! भगवान,तुम हमेशा मुझे रोकती-टोकती रहती हो।अभी किसी की जान बचाने की बात है,मुझे जाने दो....इतना बोलते-बोलते मैं निकल गया।बाहर नदी किनारे भीड़ इक्कठी हो गई थी,सभी चिल्ला रहे थे पर नदी में कूद उस बच्चे को बचाने की कोशिश कोई नहीं कर रहा था।मैंने गमछा अपने सिर पर बाँधा और छपाक से नदी में कूद गया,बच्चे को बचाने के लिए।मैं तेजी से तैरने लगा और जल्द ही बच्चे के नज़दीक पहुँच गया।पहले अपने सिर पर बाँधे गमछे को उसे पकड़ने के लिए दिया,बोला, बेटा परेशान मत हो,मैं आ गया हूँ तुझे कुछ न होने दूँगा तुम देश के भविष्य हो,डरना मत।पर बच्चा हताश हो गया था बहुत पानी पी चुका था।मैं उसके नजदीक जा उसे अपने पीठ पर ले लिया और तैरते हुए किनारे की तरफ जाने लगा।बच्चा डरा हुआ था उसने जोर से मेरी गर्दन को पकड़ कर खुद को बचाने लगा।किनारा दूर होने की वजह से तथा अधिक तैरने की वजह से मैं बहुत थक चुका था।आगे रेलवे पुल के पास लोगों ने हम दोनों को निकाला।बच्चा बच गया था और मैं लाश बन चुका था। आँगन में मेरी लाश रखी गई।पत्नी रो-रोकर कह रही थी,अगर आप मेरी बात मान लिए होते तो आज मैं विधवा नहीं होती।हे!भगवान आपने मेरे साथ यह क्या किया? पत्नी की चीत्कार सुनकर मुझसे मरा नहीं जा रहा था।मैं कुछ देर के लिए उठा और कहा,अरी भाग्यवान कम-से-कम अब तो मुझे चैन से मरने दो।मैंने किसी की जान बचाकर खुद को मुक्त किया है, अब तुम भी मुझे मुक्त करो।और मैं पुनः मर गया।

**महेश अमन**
**रंगकर्मी सह कवि**
**गिरिडीह झारखण्ड**

# प्लास्टर वाली टांग




आप चाहते हैं कि आप हमेशा दुनिया की नजरों में बने रहें, सबकी निगाहें आप पर टिकी रहें। जिस गली से गुजरें, लोग आपको देखकर रुक जाएँ, हाल-चाल पूछें, आपको याद करें। बस, आप आ जाइए हमारे पास, लगवा लीजिए एक प्लास्टर... सच में, हर जगह आपकी पूछ होगी। जो आपको जानते हैं, जो नहीं जानते, सब आपको रास्ते में रोक सकते हैं। अगर आपके हाथ में प्लास्टर लगा हुआ है, तो आप इस शहर के लिए एक चलता-फिरता अजूबा बन सकते हैं। लोग आपको ऐसे देखने लगेंगे जैसे चिड़ियाघर से कोई प्राणी सड़क पर आ गया हो।

और अगर आपकी टांग में प्लास्टर लगा हुआ है और आप घर में कैद हैं, तो लोग आपके घर तक भी आ सकते हैं। पुराने दोस्त, रिश्तेदार, मोहल्ले वाले, जो कभी आपका हाल तक नहीं पूछते, वे भी बिना रोक-टोक आपके दरवाजे पर आ जाएँगे। कसम से, रातों-रात आपको लगेगा कि पूरी दुनिया आपकी टांग की चिंता में कितनी बेचैन हो गई है। आपने भले ही कभी किसी के काम में टांग न फंसाई हो, पर जब आपकी टांग टूटेगी, तो लोग आपकी टांग का हाल जानने दौड़े चले आएँगे।

इतनी हसरत से आपकी टांग को देखेंगे जैसे उन्हें लग रहा हो कि यह अवसर उनको क्यों नहीं मिला, काश उनके भी प्लास्टर लगा होता... आज उनके घर पर भी पूछने वालों का जमावड़ा लगा होता।

शर्मा जी के कान दरवाजे पर लगी कॉल बेल पर हैं। जैसे ही कॉल बेल बजती है, शर्मा जी अपनी टांग को तकिये पर रख देते हैं। सामने वाले को, जिस पर शोक प्रकट करना है, वह सामने रहेगी तो आने वाले को धक्का सा नहीं लगेगा %की यार प्लास्टर वाली टांग कहाँ है ,'कहीं हम ठगा तो नहीं गए ,खबर तो पक्की है न ? कहीं हमारे समाचार लेने से पहले ही प्लास्टर कट गया हो..दस वहम जी..। मुख पर दुःख और वेदना के भाव ले आते हैं, चेहरा थोड़ा लटका लेते हैं। इधर, श्रीमती जी किचन में चाय का पानी चढ़ा देती हैं, बेटा बाहर दूध की थैली और चाय की पत्ती लेने को भागता है। प्लास्टर वाली टांग तकिये पर रखी है। लोग आ रहे हैं... मातमपुरसी का पूरा माहौल है। आहें भरी जा रही हैं, टांग को पकड़-पकड़ कर हिलाकर देखा जा रहा है, जिंदा है न? शर्मा जी को थोड़ी उँगली चलाने को कहा जाता है। शर्मा जी उँगली चलाते हैं, हाँ... ठीक है, मन को तसल्ली। टांग जिंदा है। डॉक्टर ने भी कहा है, हर एक घंटे में उँगली चलाते रहें, तसल्ली रहेगी कि टांग जिंदा है। क्या शर्मा जी, क्या मिश्रा जी, क्या गुप्ता जी–जिनकी टांग टूटी है और प्लास्टर लगा है, सबकी एक ही राम कहानी है। अब आप तैयार हो जाइए, इस पूरी कहानी के भूत, भविष्य और वर्तमान को सुनाने के लिए। कोई भी बात छूटनी नहीं चाहिए। सबसे पहले तो यह बताएं कि चोट कैसे लगी, कितना दर्द हुआ, आवाज आई थी क्या टांग टूटने की? जब टांग टूटी, कैसा महसूस हुआ–अच्छा या बुरा? अब कैसा महसूस हो रहा है? फिर समाचार लेने वाला कोशिश करेगा आपको सांत्वना देने की, अरे भाई साहब ,आपकी क्या टांग टूटी है पिद्दी सी .... ! ये भी कोई टांग टूटना होता है? टांग तो हमारे साले साहब की टूटी थी... भाई साहब, कैसी टांग टूटी थी उनकी, सच में!शर्मा जी सोचेंगे कि कितनों को सुना चुके हैं, अब क्या सुनाएँ बार-बार वही कहानी। यह भी कोई बात हुई... जो साहब समाचार लेने आए हैं, उन्हें तो सुनाना ही पड़ेगा, वरना वे ही आपको सुना देंगे, बताइए, हम समाचार लेने आए और इन्हें इतनी भी तमीज नहीं कि हमें बता दें कि हुआ कैसे? घटनास्थल का आँखों-देखा हाल तो आपको ही बताना पड़ेगा। या तो एक कैसेट रिकॉर्ड कर लीजिए और प्ले कर दीजिए या अपनी कहानी किसी नौकर को रटा दीजिए और उसे इस काम पर लगा दीजिए। समाचार लेने वाला व्यक्ति अपनी सांत्वना देने से पहले पूरी घटना की गंभीरता के अनुसार अपनी सांत्वना की पोटली खोलेगा। फिर आपको कुछ सबूत भी पेश करने पड़ेंगे कि वास्तव में टांग टूटी है या यूँ ही मजाक कर रहे हैं, क्या पता आपका ..नकली प्लास्टर लगाकर बैठे हों । अब सबूत में आप डॉक्टर की पर्ची, एक्स-रे फिल्म, प्लास्टर का बिल, या फिर टूटने के समय की कोई वीडियो रिकॉर्डिंग, या टूटने की आवाज की ऑडियो रिकॉर्डिंग, या कोई चश्मदीद गवाह प्रस्तुत कर सकते हैं। अब यह साबित तो आपको ही करना पड़ेगा न, आखिर टांग भी तो आपकी ही टूटी है। कई समाचार लेने वाले निराश भी होंगे... अरे क्या शर्मा साहब,हम समाचार लेने आये हैं यह सोचकर की कोई ढंग की टांग टूटी होगी...ये क्या मामूली सा फ्रैक्चर ..बताओ काम धाम छोड़कर एक तो इनके समाचार लेने आओ ,और एक ये हैं महाशय हैं की ,ढंग से टांग भी नहीं तुड्वाते शर्मा जी ग्लानी से मरे जा रहे हैं..'अगली बार शिकायत का मौका नहीं देंगे ऐसा प्रण लिए हैं'

शर्मा साहब, आप तो इतने संभलकर चलते हैं, गाड़ी भी धीरे चलाते हैं, कई बार देखा हमने। ऐसे लोग तो शर्मा जी से जलन रखते हैं कि शर्मा साहब इतना धीरे क्यों चलते हैं, कभी टांग-वांग क्यों नहीं तुड्वाते ताकि हमें भी समाचार लेने का मौका मिले। बहुत दिनों से सोच रहे थे कि शर्मा जी से मिलने का मौका कब मिलेगा, असल में उन्हें अपने बेटे की नई जॉइनिंग के बारे में सलाह लेनी थी। और देखो, आज मौका मिल गया। एक पंथ दो काज । शर्मा जी शुरू करते हैं, लेकिन समाचार लेने वालों का ध्यान नाश्ते में परोसे गए समोसों पर चला जाता है। सोचते हैं, सुनाएँ या नहीं? लेकिन मन को तसल्ली देते हैं, अरे समोसे तो मुँह से खा रहे हैं न, कान थोड़े ही व्यस्त हैं, सुन तो रहे हैं न। लो, उन्होंने समोसा आधा खत्म करके प्लेट में रख दिया, अब पूछ भी रहे हैं, तो शर्मा जी, कैसे हुआ एक्सीडेंट? शर्मा जी कहने वाले होते हैं, बहुत दिनों से टांग में खुजली चल रही थी, एक्सीडेंट से मिलने की खुजली ।रोजाना रास्ते में एक्सीडेंट मिलता ..पूछता 'शर्मा जी अब तो हो जाने दो न..देखो आपकी टांग भी मिलना चाह रहे है मुझ से .. 'फिर एक दिन, तरस खाकर मैंने कह दिया - हो जाओ भाई । बस हो गया।

जब वे आएंगे और प्लास्टर को देखेंगे तो कहेंगे, अरे शर्मा जी, कितने दिन का कहा है डॉक्टर ने?

आप कहेंगे, जी, 20 दिन का।

तुरंत कोई बोलेगा, नहीं-नहीं, कम से कम 6 हफ्ते रखवाइए शर्मा जी। डॉक्टर को कहिए, 20 दिन के बाद और 20 दिन बढ़ा दे। अब टांग बार-बार तो टूटती नहीं, आराम दीजिए टांग को। कुछ लोग सलाह देंगे, यार, आपको डॉ. रस्तोगी को दिखाना चाहिए था, वो सही में टांग जोड़ते हैं। हमारे साले साहब की टांग जोड़ दी थी और जुड़ने के बाद लगा ही नहीं कि पहले टूटी थी। स्साला एक्सीडेंट भी कन्फुज ..यार ये टांग अभी तक टूटी क्यों नहीं..नया माल लग रहा है बिलकुल..फ्रेश । शर्मा जी सोचेंगे, अगली बार जब टूटेगी तो डॉ. रस्तोगी को भी अजमा लेंगे। फिर कोई पूछेगा, वैसे हुआ क्या था? आप कहेंगे, जी, टांग टूट गई है। किसने बताया? डॉक्टर ने। अरे किस डॉक्टर को दिखाया? डॉ. गर्ग साहब को। ये वो लोग है जो बाल की खाल निकलने को आतुर..इन्हें लगता है ये सब सहानुभूति बटोरने के बहाने हैं,हम समाचार लेने वालों को नाहक परेशान किया जा रहा है..अब कुछ लोग अर्द्धयक्ष्य रूप से आपके मोटिवे को जानने के लिए अपनी कहानियाँ सुनाने लगेंगे, वो अपने वर्मा जी हैं न, चुनाव में ड्यूटी लगी थी, छुट्टी नहीं मिल रही थी, तो डॉ. गर्ग ने एक पर्ची बना दी,एक नकली प्लास्टर लगवा दिया और छुट्टी मिल गई। शर्मा जी क्या करें, कहेंगे, अरे, मेरी तो सच में टूटी है। आप प्रमाण चाहते हैं? ये लीजिए एक्स-रे। और एक्स-रे उल्टा पकड़कर देखने वाले कहेंगे, अरे डॉक्टर ने फ्रैक्चर कहाँ से निकाल दिया? हमें तो कहीं कोई फ्रैक्चर नजर नहीं आ रहा। तब शर्मा जी अपनी आखिरी गवाही के लिए अपनी पत्नी को बुलाएँगे, जरा बताओ न, कैसे हुआ? पत्नी कहेंगी, भाई साहब! स्कूटी पर जा रहे थे, गड्ढे तो आपको पता ही हैं सड़कों पर। दोनों गिरे और टांग नीचे आ गई स्कूटी के। फिर प्लास्टर के रंग-रूप और शेप का मुआयना करेंगे। सलाह देंगे, फाइबर लगवाते, महंगा है पर अच्छा दिखता है। कुछ लोग अपने पेन-पेंसिल से आपके प्लास्टर पर शुभकामनाएँ लिखकर या अपने ऑटोग्राफ देकर भी जाएंगे, जैसे यह अतिथि बुक हो और वो अजायबघर में आये हैं,आपकी प्लास्टर वाली टांग को देखने । कुछ सलाहकार देसी इलाज़ भी सुझाएँगे। कोई गाय का मूत्र, कोई बकरी का दूध, तो कोई सूअर का घी, और कहेंगे कि लगाओ, फायदा होगा। शर्मा जी को ऐसा लगने लगेगा कि टांग पर जितना प्लास्टर का चूना नहीं लगा, उससे ज्यादा सलाह का चूना चढ़ रहा है। रिश्तेदार सब्जी-फल भी लेकर आएंगे, भाई साहब, क्या हो गया महंगाई को ..सेब देखो तो 200 रुपए किलो हैं और वो भी सड़े हुए, मजबूरी में केले लेकर आ गए।

शर्मा जी उनके केले की थैली के बोझ टेतले दबे जा रहे हैं..अरे इसकी क्या जरूरत थी भाईसाहब... इस भार को थोडा हल्का करने के लिए शर्मा जी कहेंगे , सुनो, चाय बना दो न। रिश्तेदार...हें हें ..अरे भावी जी को क्यों परेशान करते हैं..चलो बना ही रहे हैं तो फीकी ही बनाना, तुम्हें पता है डायबिटीज हो गई है,अरे हाँ आपको सुगर तो नहीं है ? शर्मा जी कहेंगे, चेक नहीं कराई। इस पर एक और सुझाव मिलेगा, अब तो शुगर चेक करवानी पड़ेगी। कई के पैर सड़ गए हैं प्लास्टर के बाद।फिर उनके पास किस्सों की भरमार है ,प्लास्टर की बीभत्स रस से भरी हुई स्टोरी के..किसी का प्लास्टर टाइट होने से,किसी के सुगर होने से न जाने कितनी टाँगें सडकर कट चुकी हैं ।

शर्मा जी प्लास्टर प्रकरण की इन डरावनी कहानियों को सुनकर थरथर काँप रहे हैं कुछ लोग तो यही चाहेंगे कि जल्दी ठीक न हों। भाई साहब, प्लास्टर खुलने के बाद भी हल्के काम करना, और दूसरी टांग का भी ख्याल रखना। ये एक बार टूटे तो दूसरी को जलन होने लगती है। कुछ लोग बार-बार आएंगे, क्योंकि आप मजबूर हैं, टूटी टांग के साथ पड़े हैं। अब आप बहाना भी नहीं कर सकते कि घर पर नहीं हैं, आखिर टांग टूटी है, कोई मजाक थोड़े ही।

**-डॉ मुकेश असीमित**

# मनीप्लांट



### कहानी

डायरी या किसी किताब में रखे हुए फूल सूख जाने के बाद स्वयं चाहे ताज़ा न रह पाएं पर बरसों बाद भी उनसे जुड़ी स्मृति ज़हन में ताज़ा बनी रहती है। मेरे साथ तो ऐसा अक्सर होता रहता है। कभी कहीं एक हाइकू भी इसी को लेकर लिखा था- सामने आया, जब सूखा गुलाब, तू आया याद। इसके अतिरिक्त अपनी एक कविता स्मृतियों की महक की यह पंक्तियाँ भी यहाँ उद्‍धृत करनी चाहूँगी-किताब में रखा फूल, सूख गया हो भले ही, पर जब कभी भी आता है सामने, तो यह यकीन ज़रूर दिला जाता है, कि उसमें ज़िन्दा हैं स्मृतियाँ, और एकदम ताज़ा है, उन स्मृतियों की महक, अभी तक। अब देखो न, कल पढ़ते-पढ़ते एकाएक ही किताब में रखा हुआ मिल गया एक फूल और याद दिला गया, न जाने कितने ही गुजरे हुए हसीं पल, वो हँसता हुआ चेहरा, प्यार से वो आँखें छलछल, न जाने कितनी ही यादें जो कभी भुलाई न जा सकीं, और हदय की ऐसी कुछ बातें जो कभी बताई न जा सकीं, न जाने कितने ही वादे, जो न हो सके कभी पूरे, और न जाने कितने ही ख्वाब, जो रह गए हमेशा के लिए अधूरे, याद आ गई और भी न जाने कितनी ही बातें, वो उसका बिछुड़ जाना और वो हसीन मुलाकातें, अतीत की कितनी ही, खट्टी-मीठी यादों से मन को भिंगो गया, जब कल पढ़ते-पढ़ते, किताब में एक फूल रखा हुआ मिल गया..बात करीब-करीब डेढ़ बरस पहले की है, जब ईरान से आयी, गोरी चिट्टी, लंबे और सोने के जैसे सुनहरे बाल, बड़ी-बड़ी आँखें और छरहरे बदन की लंबी फरजाना मैडम ने हमारी यूनिवर्सिटी में लैंग्वेज डिपार्टमेंट में असोसिएट प्रोफेसर के पद पर ज्वाइन किया था। यूनिवर्सिटी कैंपस में या फ़िर कहीं किसी मीटिंग प्रोग्राम या मीटिंग में उनसे मुलाकात होती और मुस्कुराहट के साथ अभिवादन करते हुए सिमट जाती। चूँकि वो हमारे ही अपार्टमेंट्स में रहती थीं, लिहाज़ा यहाँ भी उनसे दिन में एक-दो दफ़ा आमना-सामना हो जाता। मैंने उन्हें प्राय- अकेले और चुपचाप ही देखा था। एक दफ़ा यूँ ही बातों-बातों में मेरे पतिदेव परेश ने उनका ज़िक्र किया और उनके विषय में पूछा तो मैंने उन्हें उनके बारे में बताया। सारी बातें सुनने के बाद उन्होंने कहा कि देखो वो हमारे देश में, यहाँ विदेश में, अपने घर-परिवार से दूर रह रही हैं और हमारे देश में हमारी अतिथि ही हुईं, लिहाज़ा आपको उनसे बातें करनी चाहिएं और अगर उन्हें कोई परेशानी/तकलीफ़ हो और किसी मदद की ज़रुरत हो, तो वो भी करनी चाहिए। फ़िर उन्होंने कुछ सोचते हुए कहा, या फ़िर क्यूँ न एक दिन उन्हें घर पर मध्याह्न या रात्रि के भोजन पर ही आमंत्रित कर लिया जाए। इस बहाने वो यहाँ के उत्तर भारतीय भोजन का लुत्फ़ भी उठा लेंगी और हमारा सबका उनसे अच्छा परिचय भी हो जाएगा। इसके बाद हमने कई बार उन्हें आमंत्रित करने का प्रयास किया पर कभी उन्हें समय नहीं मिल पाया तो कभी मेरी कोई अर्जेंट मीटिंग निकल आई और हर बार बात बनते-बनते रह गई। दरअसल किस्मत में जब का मिलना लिखा होता है, तभी यह संभव हो पाता है। यूँ भी हमारे यहाँ कहा जाता है कि अन्न, जल और मृत्यु का समय और स्थान निश्चित होता है, व्यक्ति कहीं पर भी हो परन्तु नियत समय पर प्रकृति उसे वहीं खींच लाती है। हुआ यूँ कि एक दिन बच्चों के आग्रह पर रात्रि को आलू और कोट्टू की पकौड़ी बनाने का प्रोग्राम बना तो एकाएक फरज़ाना मैडम की याद आ गई, उनसे फ़ोन पर बात हुई तो उन्होंने आधे घंटे में घर पहुँचकर खुद इन्फॉर्म करने की बात कही। हमने पूरी तैयारी कर ली और प्रतीक्षा करने लगे। कुछ ही पलों बाद उनका फ़ोन आ गया और मैं आलू और कोट्टू की पकौड़ी लेकर अपने छोटे पुत्र औरव के साथ उनके फ़्लैट पर चली गयी। तब तक वो यूनिवर्सिटी से लौटकर फ्रेश होकर तैयार हो चुकी थीं। घर में मद्धिम प्रकाश फैला हुआ था..एक भीनी-भीनी सुगंध से पूरा वातावरण महक उठा था और पार्श्व में धीमे-धीमे स्वर में बजता संगीत एक अलग ही छटा बिखेर रहा था। उन्होंने बहुत लाइट कलर के हल्के वस्त्र पहन रखे थे और उनमें वो किसी परी की तरह मुसकान बिखेरती, किसी विदेशी महँगे परफ्यूम की भीनी-भीनी महक से महकती हुई हमारे समक्ष खड़ी थीं, उनके पीछे टेबल पर एक ग्लास में लगा हुआ मनीप्लांट बड़ा सुन्दर दिख रहा था। सच में वो इतनी सुन्दर थीं कि लगता था हाथ लगाने से, स्पर्श करने से कहीं निशान न पड़ जाएं। हम तो देर तक मंत्रमुग्ध हो उस विस्मयकारी वातावरण में खो गए और मानसिक विश्रांति अनुभव करते रहे। एकाएक जैसे ही तन्द्रा भंग हुई हमने उन्हें प्लेट थमाई और खाने के बाद उस पर प्रतिक्रिया भेजने को कहते हुए अपने घर की ओर लौट पड़े। थोड़ी देर बाद ही व्हाट्सएप्प पर उनकी स्नेह और प्रसन्नता से भरी लंबी आत्मीय प्रतिक्रिया मिली। इसके बाद हमारी बातचीत, मिलना-जुलना अच्छे से आरंभ हो गया। उन्हें कहीं से हमारे लेखन के विषय में पता चला तो उसका ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी भी एक पोएट्री बुक पब्लिश हुई है और उन्होंने उसकी एक प्रति हमें अपने मधुर शब्दों और स्व-हस्ताक्षर के साथ भेंट की। इस किताब में उनकी और उनकी बिटिया डायना की कविताएँ संकलित हैं। बिटिया की कविताएँ मूल रूप से अरबी भाषा में लिखी गयी हैं, जिनका अंग्रेजी में अनुवाद स्वयं उनकी माँ फरज़ाना मैडम ने किया है। पुस्तक के मुखपृष्ठ पर नाम के नीचे लिखा हुआ भी है- अ कलेक्शन ऑफ़ पोयम्स बाई अ मदर एंड हर डॉटर ऑन द पाथ ऑफ़ सेल्फ डिस्कवरी टुवर्ड पीस। हमने उनकी किताब पढ़ी तो उनकी संवेदनाएं और भावुकता हमसे ऐसे जुड़ गई कि हमें लगा कि वह हमारी ही धरती के इस टुकड़े का एक प्यारा सा हिस्सा हैं। हमने उनकी दो कविताओं के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद किए और उन्हें इंदौर समाचार पत्र में प्रकाशित करा के जब उन्हें प्रिंटआउट के रूप में दिए तो उन्हें देखकर वह भावातिरेक हो अपने हाथों में मेरा हाथ लिए देर तक बैठी रहीं। उनकी आँखें भींग चुकी थीं और उनकी संवेदनाएं पिंघल-पिंघलकर उनके हाथों से मेरे हाथों में प्रवेश करती चली गई और मैंने उनकी अँगुलियों को चूमते हुए कहा, मैं आपकी इन प्यारी, लंबी और कोमल सी अँगुलियों को चूमना चाहती हूँ जिन्होंने कलम को पकड़कर इतनी संवेदनशील कविताएँ लिखी हैं और उन्होंने भावुक हो, ओ माई डियर यंगर सिस्टर! वेयर वेर यू हायिडिंग टिल नाउ? कहते हुए मुझे गले से लगा लिया। मुझे उन पलों में अपनी लिखी एक कविता स्मरण हो आई-आदमी हर जगह एक सा है, बिल्कुल एक सा, एक सी हैं उसकी तकलीफें, एक से हैं उसके दर्द, एक सी हैं उसकी भावनाएं, भले ही वो कहीं का भी हो, किसी भी देश का, किसी भी प्रांत का, किसी भी जाति का, किसी भी धर्म का, किसी भी भाषा का, किसी भी वर्ण का, वो सिर्फ शांति और अमन चाहता है, दूसरे लोगों को समझना और जानना चाहता है, उन्हें अपना और खुद उनका बनना चाहता है, आदमी को आदमी से जोड़ती है प्रेममयी भावना, बाकी सब चीजें तो पैदा करती हैं दूरियाँ, जिनका सहारा लेकर चंद लोग बाँट देते हैं, आदमी को आदमी से, निजी स्वार्थ या फिर निजी महत्वाकांक्षा के लिए। उनसे जब व्यक्तिगत बातें चलीं तो उन्होंने बताया कि वह जब चाइना में थीं तो उन्हें उनके छात्र डा. हेलेना कहकर पुकारते थे, जो उन्हें सहज लगता था। उनकी स्मृतियों को संजोए रखने के लिए मैंने अपना उपनाम हेलेना रख लिया और अक्सर अपनी पोएट्री में मैं इसका उपयोग करने लगी। मैंने उनसे जब यहाँ के अनुभव के विषय में पूछा तो उन्होंने कहा, यहाँ पर पूरी तरह से कॉर्पोरेट वाला प्रोफेशनलिज्म कल्चर है। यहाँ पर लोग बाहरी लोगों से दूरी बनाकर रखते हैं और उनसे कम ही बातें करते हैं। उनका यह रुक्ष व्यवहार उनके संवेदनशील अंतर्मन को छीलकर रख देता है और वो किसी हताहत हुए पंछी की तरह देर तक तड़पती रहती हैं। अब उन्हें एकांत खलने लगा है और एक अजीब से अकेलेपन की अनुभूति उन्हें भीतर तक कचोटती रहती है। इसलिए अब वो जल्दी से जल्दी अपने वतन, अपनी बच्ची, अपने परिवार के पास लौट जाना चाहती हैं और उन्होंने उसके लिए आवश्यक कार्यवाही भी शुरू कर दी है। लेकिन हम तो समर वेकेशन में घर जाएँगे, तो क्या आप हमारे पीछे ही चली जाएँगी, मैंने चिंतित स्वर में पूछा तो उन्होंने हमारी वापसी की डेट पूछी और कहा, तुम घर घूमकर आओ, अब मैं तुम्हारी वापसी पर तुमसे मिलने के बाद ही यहाँ से जाऊँगी। हमें उनके जाने की बात सुनकर दुःख तो हुआ था पर यह सोचकर खुशी हुई थी कि अच्छा है अब वो भी अपने वतन में अपने परिवार के साथ रहेंगी। वक़्त पंख लगाकर उड़ता चला गया और फ़िर उनके जाने का दिन भी आ गया। हमने उस दिन एक साथ भोजन किया और जाते वक्त ढेर सारी किताबें, मोम के दीप, फूलों के गुच्छे, विदेशी परफ्यूम और एक मनीप्लांट देते हुए उन्होंने कहा, इसे इसी तरह इस गिलास में लगाए अपनी टेबल पर अपने सामने रखना, यह तुम्हें मेरी याद दिलाएगा और तुम बराबर मेरा प्रेम महसूस करोगी और मुझे अपनी स्मृतियों में बसाए रखोगी...। भरे मन से हम सबने उन्हें अपने ही घर से विदा दी क्योंकि उन्होंने कहा कि अगर जाते वक़्त तुम सब मेरे फ़्लैट में मेरे सामने रहोगे तो मुझे जाने में बहुत कठिनाई होगी। हमने उन्हें चेन्नई एअरपोर्ट और फ़िर घर पहुँचने पर सूचित करने को कह विदा दे दी। मन में यह पंक्तियाँ गूँजने लगीं, कोई इतना प्यारा कैसे हो सकता है, वो भी सारे का सारा कैसे हो सकता है...।

उनका दिया हुआ मनीप्लांट मेरे सामने कार्नर टेबल पर रखा हुआ मुझे देख रहा है और मुझे उनकी याद दिला रहा है। मैंने कहीं पढ़ा है कि मनी प्लांट, जिसे डेविल्स आइवी या पोथोस के नाम से भी जाना जाता है, एक लोकप्रिय हाउसप्लांट है। जिसमें लंबे, लटकते हुए तने होते हैं। इसे अक्सर हैंगिंग बास्केट में उगाया जाता है या दीवारों या ट्रेलेज़ पर चढ़ने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। इस दिशा को अग्नि कोण कहते हैं और इसका प्रतिनिधित्व शुक्र गृह करता है। इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और सुख-समृद्धि बढ़ती है। व्यक्तिगत तौर पर मुझे इतना सब तो पता नहीं पर हाँ मेरे सामने रखा मनीप्लांट मुझे उस अपनत्व भरी ऊष्मा से हमेशा तरोताज़ा बनाए रखता है और यह स्मरण दिलाता रहता है कि फूल जैसे मन को बींधने वाले काँटों की फ़सल इस दुनिया में कब ख़त्म होगी और हम कब सारे भेदभाव मिटाकर एक दूसरे के हो सकेंगे। हम कब इस कहावत को मिटा सकेंगे-गॉड मेड लैंड, मैन मेड बाउंड्रीज़। यह सब सोचते हुए मैं एकाएक ही पुरानी स्मृतियों में लौटते हुए फरज़ाना मैडम से बातें कर उनसे कहने लगती हूँ-एकाएक ही मिली थीं तुम, इस सुदूर प्रदेश तमिलनाडु में, और पल भर में हो गईं थी अपनी, इस तरह मानो, हम जानते हों एक दूसरे को, जन्मों-जन्मों से, और देखते ही देखते, फ़िर बन गईं थी, बड़ी बहन फरज़ाना, जबकि हमारी अलग-अलग थी भाषा, अलग-अलग थी जाति, अलग-अलग थे वर्ण, यहाँ तक कि अलग-अलग थे देश, सोचती हूँ जब दिल ही नहीं मानता यह सब कुछ, तो फिर क्यों हमने पैदा की हैं दूरियाँ, जाति, धर्म, वर्ण, भाषा और देश के नाम पर...।

**प्रो (डा.) सारिका मुकेश**
**तमिलनाडु**

## महापौर व आयुक्त द्वारा औद्योगिक क्षेत्रो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक




**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना ।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्रो की समस्याओ के निदान हेतु गठित समिति के पदाधिकारियो के साथ सिटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में महापौर प्रतिनिधि श्री भरत पारख, अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री अभय राजनगांवकर, श्री नरेन्द्रनाथ पांडे, उपायुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, एसोसिएशन ऑफ इंडस्टीज मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश मेहता, सचिव श्री तरूण व्यास, श्री प्रमोद डफारिया पूर्व अध्यक्ष, श्री जेपी नागपाल, औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्रो के व्यापारियो के साथ क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान व्यापारियो ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ ही ग्रीन वेस्ट उठाने हेतु अतिरिक्त संसाधन व कर्मचारियो की मांग की गई तथा पोलोग्राउण्ड क्षेत्र के उद्यान का समुचित विकास हेतु किये जा रहे निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आग्रह किया गया। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में संपतिकर का पोर्टल अपडेट नही होने व लायसेंस फीस हेतु शिविर लगाने की मांग पर महापौर श्री भार्गव द्वारा संबंधित अधिकारी को पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्र में विशेष राजस्व शिविर व लायसेंस शिविर लगाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर बी से सेक्टर ए में प्रवेश हेतु मार्ग, अगरबत्ती कॉम्पलेक्स की ओर से जाता है वहां के रेल्वे क्रांसिंग के आस-पास की चौडाई कम होने से यातायात प्रभावित होता है, उक्त मार्ग की चौडाई के साथ ही मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने, सांवेर रोड में उद्योगो की सुविधा के लिए निगम के सहयोग से संचालित फायर ब्रिगेड स्टेशन के रख-रखाव करने, साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में हरियाली विकास हेतु उद्योग जगत के सहयोग से डेंस फॉरेस्ट का निर्माण करने, औद्योगिक क्षेत्र में नर्मदा पेयजल की नवीन लाईन डालने, ईटीपी प्लांट की क्षमता बढाने तथा ट्रीटेड वॉटर के उपयोग संबंधित चर्चा की गई, इस संबंध में महापौर व आयुत द्वारा संबंधित अधिकारियो को संगठन को उपयोग हेतु निर्धारित शुल्क पर ट्रीटेड वॉटर उपलब्ध कराने, संपतिकर व अन्य करो के निराकरण हेतु औद्योगिक क्षेत्र में विशेष शिविर लगाने, औद्योगिक संगठनो के प्रतिनिधियों को कचरा सेग्रीकेशन कर निगम को देने, पोलोग्राउण्ड, क्षेत्र में निर्मित पानी की टंकी में पीने का पानी सप्लाय हेतु टंकी में कनेक्शन हेतु लाईन डालने आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये।

## अकोला पश्चिम से साजिद पठान की जीत सुनिश्चित



**अकोला।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरे शबाब पर है। गली, मोहल्ले, चाय की दुकान तथा गांव की चौपाल पर लोग विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते नजर आ रहे हैं । कहीं कोई किसी को जिता रहा है, तो कहीं किसी को हरा रहा है। यहां तक के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को लेकर उनके बीच हार-जीत का अपने-अपने तरीके से समीकरण निकाल कर अभी से जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी सूची में महाराष्ट्र की हॉट सीटों में शुमार अकोला पश्चिम से महाविकास अघाड़ी कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार साजिद पठान चुनाव लड़ रहे हैं। साजिद पठान को कांग्रेस का ज़मीनी नेता माना जाता है और यही वजह है उन्हें गरीब अवाम की आवाज़ भीकहा जाता है। फिर जिसके गरीब अवाम के दिलों से निकली दुआ जिसके साथ हो तो भला उसकी जीत सुनिश्चित कैसे नहीं मानी जा सकती।

# पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न





कमलापुर पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल कमलापुर में पूर्व छात्र सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ । जिसमें 1972 से 1990 तक के अनेक पूर्व छात्र, पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व शिक्षक सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता बीइओ बागली, श्री नारायण भंडोले ने की एवं मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक श्री मदनलाल उपाध्याय एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि बहादुर सिंह सेंधव थे। विशिष्ट अतिथिगण एडवोकेट सुनील चौधरी हाई कोर्ट इंदौर, हेमंत उपाध्याय मुख्य संपादक नई दुनिया इंदौर, प्रवीण चौधरी अभिभाषक बागली, डॉ राजेश शर्मा, मुफ्ती इसहाक खान, गोपाल कृष्ण एम मानधन्या, जितेंद्र चौधरी, [illegible] फार्मास्यूटिकल के स्टेट हेड श्री प्रतुल जैन एवं राजेश बोधि आदि थे । अन्य पूर्व छात्रों में चिंतेश दुबे,सरजू प्रसाद मालवीय, रमेश बानीवाल, पूरणमल यादव, दीपक कानूनगो, बसंत कानूनगो, राजेश बानीवाल, मोइनुद्दीन कुरैशी, विजयप्रकाश जोशी, महेश योगी, नसीम कुरेशी, अनिल चौधरी,अनीता कानूनगो, डॉ मुकेश चौधरी एवं मनोज कानूनगो आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । विद्यालय स्टाफ द्वारा सभी आगंतुक पूर्व छात्र एवं अतिथिगण का स्वागत किया गया । अपने विद्यालय का अवलोकन कर, अपने सहपाठियों से मिलकर और अतीत की स्मृतियों को ताजा कर सभी आत्म विभोर हो गए । विद्यालय प्राचार्य अनंत नागर ने स्वागत भाषण दिया एवं अपने विद्यालय की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला । सभी पूर्व छात्रों ने कमलापुर में बिताए अपने बचपन एवं अपने विद्यालय के अतीत के अनुभव संस्मरण उपस्थित बच्चों स्टाफ एवं ग्रामीण जनों को सुनाए । सभी लोग विद्यालय में उपस्थित होकर बहुत ही भाव विह्वल, अत्यंत भावुक होकर, प्रेम से सराबोर हो गए । श्री हेमंत उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने विद्यालय में आने में बहुत देर कर दी । बिना आमंत्रण के आना चाहिए और यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पूर्व छात्रों की एक स्थाई समिति बनाकर उन्हें समय-समय पर पुरस्कृत करना चाहिए । श्री सुनील चौधरी ने कहा कि अपने विद्यालय में आकर अभिभूत हूं। मैने इसी स्कूल की बदौलत सफलता अर्जित की है ।

मैं मानता हूं कि आज भी सरकारी स्कूलो में प्राइवेट स्कूलों से अच्छी पढ़ाई होती है । वहां सिर्फ दिखावा ही होता है । उन्होंने विद्यालय को एक लाख रुपए देने की घोषणा की ।

डा. राजेश शर्मा ने कहा कि मैं अपने विद्यालय में आने के लिए बहुत ही लालायित था और आज बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं ।

श्री गोपाल मानधन्या ने कहा कि मुझे अपने विद्यालय और अपने दोस्तों से मिलकर अपार हर्ष हो रहा है । मैं निरंतर आता रहूंगा ।

श्री प्रवीण चौधरी ने अपनी जन्मभूमि और अपनी पाठशाला के प्रति सभी से फर्ज निभाने की अपील की । श्री पूरणमल यादव ने अपने विद्यालय के संस्मरण सुनाते हुए अपने गीत और कविता से वातावरण आनंदमय बना दिया ।

मुफ्ती इसहाक खान ने कलाम की ताकत का महत्व बताया ।

अनेक पूर्व छात्रों ने अपने परिजनों की स्मृति में विद्यालय विकास के लिए मुक्त हस्त से आर्थिक सहयोग किया ।

लगभग एक लाख अस्सी हजार रुपए का सहयोग विद्यालय को प्राप्त हुआ ।

सम्मेलन के साथ ही [illegible] फार्मास्यूटिकल दिल्ली की टीम के द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया । पर्यावरण सुधार के लिए बीज संग्रह और नशा मुक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया । संस्था ने अतिथि गण, पूर्व छात्र एवं विद्यालय स्टाफ का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया । सभी ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की और इसे अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया ।

भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की ।सदैव विद्यालय से जुड़े रहने एवं विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामचंद्र जाट एवं आभार दीपक बागेला ने माना ।

दानदाताओं की सूची

1 श्री सुनील चौधरी एड. 100000 रु 2 डॉ राजेश शर्मा 21000 रु
3 श्री गोपाल कृष्ण एम मानधन्या 11000 रु
4 श्री पूरणमल यादव 5201 रु
5 श्री राजेश बानीवाल 5000 रु 6 श्रीमती नसरीन खान 5000 रु 7 सुश्री नसीम कुरैशी 5000 रु 8 श्री चिंतेश दुबे 5000 रु 9 श्री गोविंद कुसुमाकर 5000 रु
10 श्री मोइनुद्दीन कुरैशी 5000रु 11 श्री सरजू प्रसाद मालवीय 2500 रु 12 डॉ. मुकेश चौधरी 2500 रु 13 श्री प्रवीण चौधरी 2000 रु प्रतिवर्ष 14 श्री जितेंद्र चौधरी 2000 रु श्री गोपाल कृष्ण एम मानधन्या ने अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री मदन लाल जी मानधन्या, पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती रुक्मिणी देवी मानधन्या एवं जेष्ठ पुत्र स्वर्गीय प्रमयकुमार राम मानधन्या की स्मृति में विद्यालय को ? 11000 ग्यारह हजार सविनय दान दिया ।

विशेष रूप से पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार शाह ने बेंगलुरु से, पूर्व छात्रा श्रीमती सुषमा शर्मा ने अमेरिका से, समाजसेवी कल्याण प्रसाद माहेश्वरी इंदौर एवं श्रीधर माहेश्वरी देवास ने व्हाट्सएप संदेश द्वारा विद्यालय परिवार को सधन्यवाद शुभकामनाएं प्रेषित की एवं अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ।

इस अवसर पर गोपालकृष्ण एम मानधनीया के सारगर्भित उद्बबोधन के साथ उनका सम्मान भी किया गया

## प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय नि :शुल्क मिट्टी चिकित्सा शिविर की शुरुआत





**इंदौर समाचार प्रतिनिधि।** आज के समय में घर-घर से ग्लोबल वार्मिंग हो रहा है। इसकी वजह से अत्याधिक एयरकंडीशनर और आराम की अन्य वस्तुओं का इस्तेमाल। हमें ज्यादा जरूरत न हो तो इनके उपयोग से बचना चाहिए। सभी को प्राकृतिक और नेचुरोपैथी चिकित्सा की ओर जाना चाहिए। आज का मानव प्राकृतिक चीजों से दूर हट रहा है जबकि उसे इन रिसोर्स का बेहतर और ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। वर्तमान में देखा जाए तो मानव ही प्रकृति को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। इंदौर में लोगों को नेचुरोपैथी से जोड़ने का कार्य जो डॉ. एके द्विवेदी द्वारा किया जा रहा है वो बेहद सराहनीय है। यह बात शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉ. नरेंद्र पाटीदार (अध्यक्ष आईएमए) ने एडवांस योग एवं नेचुरोपैथी हॉस्पिटल द्वारा ग्रेटर ब्रजेश्वरी, पिपलियाहाना स्थित सेंटर पर रविवार से सात दिवसीय निःशुल्क मिट्टी चिकित्सा शिविर के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कही।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल भंडारी ने कहा कि 1973 के पहले तक देश में ऑर्गेनिक खेती हुआ करती थी। फिर हरित क्रांति आई और खेती में पेस्टीसाइड का इस्तेमाल भी होने लगा और हमलोग पेस्टीसाइड वाला खाना खाकर बीमार होने लगे लेकिन हमें जानना होगा कि प्राकृतिक चिकित्सा समय की माँग है इससे सस्ता और सुलभ कोई दूसरा इलाज नहीं है। हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी को यह सीखना, समझना होगा कि कैसे प्रकृति के करीब जाए। सभी को अपने समय का 10 प्रतिशत समय समाज सेवा कार्य में लगाना चाहिए, मतलब प्रकृति को संजोने में लगाना चाहिए! एक समय था जब नेचुरोथैपी चिकित्सा के लिए लोग साउथ जाते थे। लेकिन डॉ. एके द्विवेदी द्वारा शहरवासियों को अब बेहतर नेचुरोपैथी चिकित्सा दी जा रही है जिससे अब काफ़ी कम लोग ही साउथ जा रहे हैं। इसके लिए डॉ. एके द्विवेदी को साधुवाद देता हूँ!

कार्यक्रम में विशेष अतिथि पार्षद राजीव जैन, पूर्व पार्षद एवं सह-मीडिया प्रभारी भाजपा मप्र टीनू जैन ने भी संबोधित किया। मनोचिकित्सक (कोकिला बेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल) डॉ. वैभव चतुर्वेदी ने एंजाइटी, अनिंद्रा आदि के लिए नेचुरोपैथी चिकित्सा की सलाह दी। पूर्व अपर संचालक जनसंपर्क डॉ. भूपेंद्र गौतम ने स्वागत उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं सेंटर के संचालक डॉ. एके द्विवेदी ने निःशुल्क मिट्टी चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा दिवस हर साल 18 नवंबर को मनाते हैं। इसी उपलक्ष्य में यह 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया है। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि इस शिविर में खास तौर पर लोगों को मिट्टी चिकित्सा कराया जाता है। इस मडबाथ के लिए विशेष तौर पर मिट्टी तैयार करते हैं। इस मिट्टी पेस्ट के लिए पीली मिट्टी, काली मिट्टी, मुलतानी मिट्टी का संतुलित मिश्रण तैयार कर उसमें घी, दूध, दही, इत्र, गुलाब जल, चंदन, केशर, गोमूत्र, शहद, कपूर, नीम इत्यादि मिलाते हैं।

फिर से इस पेस्ट का इस्तेमाल शिविर में आए लोगों पर लेप करते हैं। इस तरह से मड बाथ लेने वालों लोगों को काफी बेहतर अनुभव स्वास्थ्य और शरीर पर होता है। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत राकेश यादव, दीपक उपाध्याय, डॉ. विवेक शर्मा ने शिविर का संचालन डॉ. जितेंद्र पूरी एवं पूर्णा दीक्षित ने किया तथा आभार विनय पांडे ने ज्ञापित किया। डॉ अथर्व द्विवेदी (एमबीबीएस) तथा लखनऊ से प्रभात शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे!

## विश्व शौचालय दिवस 2024 पर इंदौर का एक लाख सेल्फी लेकर नया रिकॉर्ड बनाने का चैलेंज...

इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना। देश के सबसे स्वच्छ शहर हमारे इन्दौर में इस वर्ष विश्व शौचालय दिवस पर शहर के 700 से अधिक शौचालयों पर 1 लाख सेल्फी के साथ स्वच्छता के अनूठे अभियान शौचालय सुपर स्पॉट अभियान' का महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा झोन क्रमांक 8 के वार्ड क्रमांक के 28 अंतर्गत एमआर 10 रोड़ स्थित सुलभ शौचालय परिसर से शुभारंभ किया गया।

आज इंदौर के शौचालय अपनी उत्तम व्यवस्थाओं के साथ कह रहे हैं कि टॉयलेट के साथ सेल्फी लीजिए और हमारी सफाई का स्तर प्रदर्शित कीजिए, क्योंकि जब इंदौर करता है, तो निश्चितरूप से कुछ अलग करता है। इस अवसर पर शौचालय केयरटेकर तथा हेल्पर को सम्मानित करने के




साथ ही हरे-नीले डस्टबिन का वितरण किया गया। साथ ही जुम्बा स्वच्छता गीत पर नृत्य किया गया, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। आप भी अपने नजदीकी पब्लिक टॉयलेट जाएं, सेल्फी लें और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए #SelfieWithToilet और #SwachhIndore का इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में श्री रमेश मेंदोला जी, श्री अश्विनी शुक्ल जी, श्री राजेन्द्र राठौर जी सहित जनप्रतिनिधियों, निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा जी सहित निगम अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्थानीय रहवासियों की उपस्थिति रही।



### सराफा विद्या निकेतन के 49वें स्नेह सम्मेलन मेंआए

# अनेक अतिथि–प्रतिभावान बच्चों का सम्मान



इंदौर, 17 नवम्बर । सराफा विद्या निकेतन का 49वें वार्षिकोत्सव एवं दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन शनिवार-रविवार को सौल्लास संपन्न हुआ। शनिवार को आर.आर. केट केन्द्र इंदौर के संजय चौकसे एवं एसजीएसआईटीएस के निर्देशक (से) डॉ. विजय रोड़े के आतिथ्य में तथा रविवार को आयकर विभाग के प्रिंसीपल कमिश्नर राहुल रमन एवं एडि. डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों का स्वागत इंदौर चांदी, सोना जवाहरात तोलकांटा पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार एवं सचिव अजय नीमा, विद्यालय के मंत्री प्रमोद नागर एवं चांदी, सोना, जवाहरात व्यापारी एसो. के अध्यक्ष अनिल रांका, कोषाध्यक्ष सतीश नीमा मालक, ट्रस्टी हुकम सोनी, ट्रस्ट मंत्री अविनाश शास्त्री, संयोजकद्वय गोपाल नीमा एवं नटवरलाल जौहरी, तोलकांटा अध्यक्ष अशोक शर्मा, दलाल एसो. अध्यक्ष हंसराज बूब, प्राचार्य आलोक दवे, साधना देशपांडे, श्रीमती शिवानी डाकवाले एवं विद्यार्थी प्रतिनिधि केवल्य व्यास, प्रगति चौरसिया एवं गर्व पाटीदार ने किया। अतिथियों का परिचय श्रीमती संध्या तेलंग, प्रदक्षिणा तिवारी एवं ईशा तिवारी ने दिए। प्राचार्य आलोक दवे एवं साधना देशपांडे ने स्वागत उदबोधन में विद्यालय की गतिविधियां बताई। विभिन्न बोर्ड कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान बच्चों को स्वर्ण पदक से सम्मानित भी किया गया। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का सम्मान केवल्य देवेश व्यास एवं सुश्री प्रगति शरद चौरसिया को दिए गए। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान श्रीमती नेहा शर्मा, श्रीमती श्रुति चौरे, श्रीमती स्वर्णजीत कोर बग्गा, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का सम्मान श्रीमता कमला बहेनिया, चंद्रकला राशिनकर एवं रवि राठौर को दिए गए। श्रीमती साधना देशपांडे, सतीश दग्दी, अमृता कमलापुरकर, वेदप्रकाश पांडे, मोहनलाल शर्मा, रामवरण मौर्य, नारायण कुलकर्णी, राजकुमारी सोलंकी, प्रीति लांभाते , श्रीमती सुशीला खोवारे एवं श्रीमती बसंतीपुरी को सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर, किड्स झोन, आर्ट एंड क्राफ्ट के विभिन्न प्रोजेक्ट और माडल से अलंकृत प्रदर्शनी का अवलोकन भी अतिथियों ने किया और खुले मन से बच्चों द्वारा तैयार माडल्स की प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिव वंदना, कत्थक नृत्य, शिवोहम, जोकर, लार्ड कृष्णा, सेव इनवायरमेंट, दशावतार, हरियाणवी नृत्य, रैट्रो डांस आदि की रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गई। संचालन डॉ. ज्योति पाठक एवं श्रीमती प्रदक्षिणा तिवारी ने किया। आभार माना उप प्राचार्यद्वय योगेश केशरवानी एवं श्रीमती रमा तिवारी ने। सभी अतिथियों ने बच्चों को देश के भविष्य का निर्माता बताते हुए जीवन में नित नए प्रयोग करने, हर पर खुश रहने और ज्ञान-विज्ञान के दम पर देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के संदेश दिए।

## घर से निकला युवक हुआ लापता



**पीथमपुर।** नगर में एक युवक की गुमशुदगी का मामला सामने आया है शुक्रवार को ब्रजेश राजपूत (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम करजगांव, थाना चिरगांव, जिला झांसी, हाल निवासी रतन पटेल कॉलोनी लापता हो गया। सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर से रोजमर्रा की तरह काम के लिए निकले, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटे। उनकी पत्नी पूजा राजपूत ने बताया कि उन्होंने पूरी रात अपने पति की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। गुमशुदा ब्रजेश की लंबाई 5 फीट 9 इंच है। गायब होने के समय वह सफेद शर्ट और जींस पहने हुए थे। परिवारजन और पुलिस उनकी तलाश में जुटे हुए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग कांफ्रेंस में डॉ.मनोहर गोरे योग संकल्प सम्मान से सम्मानित



**इंदौर** हरि योग केंद्र चेरीटेबल ट्रस्ट, इंदौर तथा चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ 6योग विभाग8 के तत्वावधान में चोइथराम नेत्रालय, श्री राम तलावली,धार रोड़, इंदौर पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं अंतर्राष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस में 17 नवंबर 2024 को नगर के ख्यात थियोलॉजिस्ट डॉ. मनोहर गोरे सत्संगी को उनके दीर्घ साहित्य,संस्कृति, समाज, योग धर्म सेवा कार्य के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय योग संकल्प सम्मान से कॉन्फ्रेंस में विद्वजनों द्वारा अलंकृत कर अंग वस्त्र,शील्ड प्रदान कर उनकी सेवाओं की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देश विदेश के विद्व योग विशेषज्ञ, गण मान्य जन उपस्थित रहे।

# इंदौर से खंडवा की ओर जा रही तेज रफ्तार बस ओवरटेक करते हुए गिरी खाई में

इंदौर। बाईक को टक्कर मारी,असंतुलित होकर सड़क से 20 फिट निचे गिरी,आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल,एक बाईक सवार युवक की मौत बड़वाह /इंदौर करीब 22 किमी दूर बलवाडा के पास गवालू घाट पर यात्रियों से भरी तेज रफ्तार बस लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक करने के दौरान सड़क से निचे गिर गई ।इस हादसे में तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रहे दो बाईक पर सवार तीन युवको को भी टक्कर मार दी।जिसके बाद सड़क की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फिट निचे गिर गई।ये तो गनीमत रही की बस सागौन के वृक्ष के कारण रुक गई।अन्यथा पलटने से अधिक संख्या में यात्री घायल होते।बस हादसे में करीब आधा दर्जन यात्रियों के घायल होने की जानकारी मिली है।घायल यात्रियों को पुलिस ने बलवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र व बड़वाह सिविल अस्पताल भेज रही है।जबकि एक बाईक सवार की मौत हुई है,जिसकी शिनाख्ती के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।घटना की जानकारी लगने पर बड़वाह तहसीलदार शिवराम कनासे भी घटनाथल पर पहुंच गए थे।घटना करने के बाद चालक,परिचालक मौके से फरार बताए जा रहे है।



घटना मंगलवार शाम करीब 4.15 बजे की है।बलवाड़ा टीआई ने बताया की अमर ज्योति एमएच 14 सीडब्लू 3682 बस इंदौर से खंडवा की और जा रही थी।तभी गवालू घाट के समीप लापरवाही पूर्वक तेज गति से चलाते हुए ओवरटेक कर रही थी।इसी दौरान बस ने सामने से आ रहे दो बाईक सवारों को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क से 20 फिट निचे गिर गई।गिरने के दौरान बस सागौन के वृक्ष से जाकर टिक गई।जिससे हादसा और अधिक भीषण नही हुअ।लेकिन यात्री जरुर घायल हुए।इस दौरान बस में सवार यात्रियों ने बचाने के लिए गुहार लगाई।हायवे से गुजर रहे वाहन चालको ने यात्रियों को बाहर निकालने में सहायता की।सुचना मिलने पर थाना प्रभारी बलवाड़ा अनिल बामनिया ने सदलबल मौके पर पहुंचकर लोगो को निकालने में मदद की।वही घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया।इसके साथ ही दुर्घटना में जिस बाईक चालक की मौत हुई है।फ़िलहाल उसकी शिनाख्त नही है।पुलिस बाईक के नम्बर के आधार पर मृतक की शिनाख्त में जुटी है। अचानक पलट गई।बस के पास से गुजर रहा बाईक सवार भी बस की चपेट में आ गया।जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।बस पलटने के कारण बस में सवार कई यात्री भी घायल हुए है।

---

इकतारा बोले....



डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



## भगोड़े की व्यथा

छोटू! ये क्या बात हुई कि घर में कई तरह की समस्याएं हैं, सारे लोग परेशान हैं और तुम अकेले मौज मस्ती करने गोवा चल दिए। कुछ अक्ल से काम भी लेते हो कभी? मैं कहां मौज मस्ती करने गया था। वहां मुझे श्रेष्ठ गृहस्थ का पुरस्कार लेना था, सो गया मैं। एक दिन जाकर दूसरे दिन आ सकते थे। हफ्ते भर घूमने की जरूरत थी क्या? भैया। यहां चिल्ला चिल्ला के, समस्याओं से, लोगों से परेशान हो गया। सोचा पुरस्कार के बहाने थोड़ा चिल्ल हो आएं, कुछ दिन समस्याओं से निजात मिले। यानी इन मसलों की चिल्ल पों से भागकर चिल हो रहे थे गोवा में। हैं न? बार बार समस्याओं से भागा हुआ मत कहिए। मुझे बुरा लगता है। दिल को तकलीफ़ होती है। और यहां जो तुम्हारे परिवार के लोग कोई बीमारी से, कोई घर की मरम्मत न होने से, बच्चे स्कूल की कुछ बातों से, पड़ोसी के घर में आग लगने से, ऑफिस वाले प्रोजेक्ट पूरा न होने से बुरी तरह परेशान हैं, जिनके सही समाधान तुम हो और तुम मुंह छुपाके भागे अपराधी की तरह इनके साथ आंख मिचौली खेलते हो। इनके दिलों को तकलीफ नहीं होती? मैं कहां छिपता फिरता हूं भैया? किसी काम से ही तो गया हूं। इतनी भी मुझे आजादी नहीं कि मैं यहां वहां जा सकूं? तुम घर पे रहते कहां हो? बस मेहमान की तरह आते हो फिर चले जाते हो। जब जब तुम्हारी जरूरत पड़ती है इनको, तुम गायब हो जाते हो। समस्याओं से भाग खड़े होते हो। तुम जिम्मेदार हो इन सबकी खुशहाली के लिए। इस तरह भागे और कायर गृहस्थ को श्रेष्ठ गृहस्थ का अवार्ड देने वाले को पहले देखना चाहिए कि पुरस्कार पाने वाले में वह योग्यता है भी या नहीं। मतलब मैं अयोग्य हूं? भगोड़ा हूं? स्वार्थी हूं? झूठा और मक्कार हूं? मैंने तिकड़म लगा कर पैसे देकर वह अवार्ड खरीदा है? बिल्कुल! घर में रूपा के पास डाक से वह रसीद मिली है जो साबित करती है कि तुमने पैसे देकर खरीदी है। अब बाकी विशेषण तुम जानों तुम्हारी आत्मा जानें। भैया। आप तो यूं ही नाराज़ हो रहे हो। अब मैं आ गया हूं तो सब ठीक कर लूंगा। लंबे समय से जो मसले अनसुलझे पड़े हैं, उनका क्या होगा? घर को जलता छोड़कर नीरो की तरह गोवा में वायलिन बजा रहे थे, फेसबुक में तुम्हारे फोटोज बताते हैं कि तुम्हें किसी बात की फिक्र ही नहीं है। हंसते, मुस्कुराते, मजे लेते बड़े अच्छे लग रहे थे। भैया जी। अब मुझे बख्श दो। मुझे लग रहा है ये सारी बातें मेरे जैसे अदना के लिए नहीं बल्कि किसी बहुत बड़े जिम्मेदार व्यक्ति को दिमाग में रखकर मेरा फुल पोस्टमार्टम किया जा रहा है! बड़े मेधावी हो! तभी इतनी देर बाद समझे। वैसे तुम्हारी गलतियां भी कुछ माफ करने वाली नहीं हैं छोटू। कान पकड़ता हूं भैया। मुझे छोटू ही रहने दें। किसी बड़े या बहुत बड़े झूठों से मेरी तुलना मत कीजिए। चाहे तो दो चपत लगा लें।

## बार पदाधिकारियों ने जिला जज का स्वागत किया




इंदौर। (सात्विक गुप्ता ) इंदौर जिला न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बी.पी. शर्मा का और जयदीप सिंह का स्वागत इंदौर बार के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष राम भदोरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य निमेष सोलंकी के द्वारा अभिभाषक संघ के बार हाल में किया गया । स्वागत में कई अभिभाषकगण उपस्थित रहे, जिसमें वरिष्ठ अभिभाषक पोलेकर साहब, राजेंद्र के. गुप्ता, विकास चोबे, दीपक यादव व कई अभिभाषक उपस्थित रहे।

## लाड़काना नगर हुआ कृष्णमय



इंदौर। लाड़काना नगर स्थित लाड़काना सभागृह में स्व. पं. इंद्रलाल शर्मा जी की पुण्य स्मृति में 7 दिवसीय *श्रीमद् भागवत एवं भक्तमाल कथा* का चल रहा है । आयोजक माँ कृपा अनुष्ठान केंद्र के पं. सतीश शर्मा, पं. ओम शर्मा एवं आयोजन के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेश फुँदवानी ने बताया कथा की शुरुवात में भव्य शोभायात्रा यात्रा एवं कलश यात्रा के बाद शक्ति कृपा आश्रम, उल्हासनगर के *पं. करन जी महाराज (करन बाबा)* के मुखारविंद से कथा सुनने सेकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी जनता आ रही है ।

## इन्दौर ज़ोन-19 के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण -

इन्दौर (ईएमएस)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेन्द्र हार्डिया ने मंगलवार को ज़ोन-19 के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। ज़ोनल कार्यालय पर 25 लाख रू. की लागत से इस नवीन भवन में 3 कक्षों का निर्माण किया गया है। ये नवीन कक्ष में ज़ोन अध्यक्ष, ज़ोनल अध?िकारी एवं उपयंत्री व अन्य स्टॉफ के बैठने के लिए तैयार किये गए है। इस मौके पर ज़ोन अध्यक्ष एवं पार्षद प्रणव मंडल, पार्षद राजीव जैन, जमीला उस्मान पटेल, महापौर प्रतिनि?धि? विवेक सिंह, ज़ोनल अध?िकारी प्रभात तिवारी, उपयंत्री अनि?ल शर्मा, नवीन शर्मा सहित ज़ोनल कार्यालय का स्टॉफ मौजूद था।



# सड़क हादसा- युवक की मौत

## डंपर ने मारी थी जोरदार टक्कर

इंदौर (नगर संवाददाता)। किशनगंज थाना क्षेत्र में हुए सडक़ हादसे में दो पहिया वाहन पर सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार से जा रहे डंपर के चालक ने युवक को टक्कर मार दी हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया।

पुलिस के मुताबिक हादसा एबी रोड पर मैडिकैप्स चौराहे के समीप हुआ। मृतक का नाम वेद प्रकाश निवासी तेलीखेड़ा है। वह आरटीओ एजेंट का काम करता था। बताया गया कि काम खत्म कर दोपहिया पर सवार होकर वह घर लौट रहा था उसी दौरान मैडिकैप्स चौराहे के समीप पर डंपर चालक ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

इसी प्रकार बाणगंगा इलाके में ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। वह मोटर साइकिल से जा रहे थे, ट्रक वाले ने पीछे से टक्कर मारी थी। बाणगंगा पुलिस के अनुसार मृतक का नाम कमल पिता नारायण कुशवाह निवासी बापू गांधीनगर है। उसके भांजे राहुल की शिकायत पर ट्रक नंबर एमपी.09एचजी.3538 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एमआर.10 ब्रिज के नजदीक से कमल अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे, तभी आरोपी ट्रक चालक ने तेज रफ्तार से ट्रक ले जाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी,जिसके कारण बुजुर्ग की मौत हो गई।

### बस ने ली बाइक सवार की जान, सवारियां भी घायल

तेज गति से आ रही बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे युवक की मौत हो गई। घटना सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्वालू घाट की है। पुलिस के मुताबिक, अमर ज्योति ट्रेवल्स की बस ने ओवरटेक करते हुए मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 क्यूए 5589 को टक्कर मार दी। हादसे में बस में बैठी सवारियां भी घायल हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, घटना में ग्राम मेंमदी में रहने वाले मनोज पिता हुकमचंद की मौत हो गई।

वह बाइक से इंदौर तरफ आ रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया। घटना में त्रिलोक बलिराम निवासी थाना धनगांव खंडवा, आशीष पिता कमल, ममता बाई पति कमल, साजन बाई पति मगुलाल, रंजना बाई पति त्रिलोक सभी निवासी पलसी थाना धनगांव घायल हुए हैं।

## विवाद में घायल वृद्धा की मौत

इंदौर। दीपावली की रात बच्चों के पटाखे फोडने के दौरान दो परिवारों के बीच विवाद हुआ, जिसमें 84 वर्षीय महिला कमलाबाई बोयत घायल हो गई थीं। आठ दिन पहले उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी, लेकिन मंगलवार को उनकी घर पर मौत हो गई। पुलिस ने एमवाय अस्पताल में महिला का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, दीपावली की रात हुए विवाद के दौरान कमलाबाई के कुल्हे की हड्डी फ्रैक्चर हो गई थी। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार को जब उनकी मौत हुई, तो परिजनों ने पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने बुर्जुग महिला के पोते रोहित बोयत की शिकायत पर गुल्लू सिलावट, सुनील, हंसराज और संजू सिलावट पर हमला और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। वहीं, दूसरे पक्ष के प्रकाश सिलावट की शिकायत पर दीनू बोयत, रोहित, विकास और सन्नी पर भी मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, जिनमें से कुछ जमानत पर रिहा हो गए। कमलाबाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में जलकर मौत

पीथमपुर। सागौर थाना क्षेत्र के भंडारी कालोनी में मंगलवार को किराए से रहने वाले 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में जलकर मौत हो गई। मृतक घटना के समय घर में अकेला था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल के आस पास के रहवासियों ने थाने फोन कर सूचना दी। सूचना पर तुरंत पुलिस दल मौके पर पहुंची और आस पास के रहवासियों के सहयोग से कमरे का दरवाजा तोड़ा तो युवक गंभीर हालत जला हुआ मिला। कमरे का ज्यादातर सामन आग की लपेट में आ चुका था। पुलिस ने 108 के सहयोग से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया परन्तु तब तक युवक की जान निकल चुकी थी। पुलिस द्वारा मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पोस्ट मार्टम रुम में रखवाया है। परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्ट मार्टम किया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिस कमरे में शुभम ने आग लगाई उसे पुलिस ने सील कर दिया है। जिला मुख्यालय पर एफ एस एल टीम को सूचना दी गई है। जांच के बाद ही तय होगा कि आग कैसे लगी। पुलिस पूछताछ में आस पास के रहवासियों ने बताया कि शुभम यहां अपने मम्मी के साथ रहता था और वो मिलनसार युवा था। घटना के समय शुभम की मां उसकी दादी के देहांत पर सागर गई हुई थी।

## अमेरिकी एजेंसी के प्रतिनिधि मंडल के साथ महापौर ने की चर्चा



इन्दौर। स्वच्छ वायु, स्वस्थ इन्दौर के ध्येयवाक्य के साथ इन्दौर की प्रतिबद्धता है कि वह न केवल स्वच्छता में अग्रणी रहे, बल्कि वायु गुणवत्ता में भी वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करें। इसी उद्देश्य से मंगलवार को इन्दौर में स्वच्छ वायु उत्प्रेरक परियोजना के अंतर्गत अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी के प्रतिनिधिमंडल के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में स्वच्छ वायु प्रबंधन और इन्दौर की पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। स्वच्छ वायु उत्प्रेरक परियोजना एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी ने विश्व संसाधन संस्थान और पर्यावरण रक्षा कोष के नेतृत्व में आरंभ किया गया है। इस अवसर पर अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर महापौर भार्गव ने प्रतिनि?धि? मंडल को नगर निगम, इन्दौर द्वारा प्रकाशि?त नागरिक पत्रि?का की प्रति भी भेंट की।

## अग्रवाल एलिट क्लब का आयोजन आज

इंदौर, । अग्रवाल एलिट क्लब द्वारा बुधवार 20 नवंबर को दोपहर 3 बजे से निपानिया स्थित होटल एएफसी पर सखियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा । संयोजक आशा गोयल, कृष्णा गोयल, सुनीता आष्टावाला, मंजू गोयल एवं जयश्री मित्तल ने बताया कि एलिट क्लब से जुड़ी समाज की सखियों के लिए इस अवसर पर मस्ती, धमाल के साथ ही दीपावली मिलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा ।

# तेजी से बदलता हुआ पर्यावरण चिंता का विषय

इंदौर। वर्तमान समय दिनों दिन धरती का बढ़ता तापमान, ग्लेशियर पिघलने से समुद्र का बढ़ता जलस्तर, कारखानों से निकलने वाले धुएँ से प्राकृतिक प्रदूषण, एक तरफ जलवायु परिवर्तन व अन्य प्राकृतिक आपदाएं, दूसरी ओर गृह युद्ध व विश्व युद्ध के नजारे चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। जो भी टीवी चैनल खोलें सब में विध्वंस के नजारे दिखाई दे रहे हैं। आज से 88 वर्ष पूर्व परमात्मा पिता ने कलयुग के अंत समय के लक्षण बताये, वह सब प्रैक्टिकल देख रहे हैं। ऐसे वैश्विक परिवर्तन के समय परमात्मा पिता की सच्ची याद ही हमें सुरक्षा प्रदान कर सकती है।



उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज के एडिशनल सेक्रेटरी जनरल तथा मीडिया विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजयोगी ब्रह्माकुमार करुणा भाईजी ने ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी सभागार, ज्ञानशिखर में सैकड़ो ब्रह्माकुमार- कुमारियों के बीच रखें। आगे आपने कहा कि वर्तमान समय सृष्टि परिवर्तन का समय है। कालचक्र के अनुसार पुनः सतयुगी सृष्टि, स्वर्णिम बेला इस धरती पर आएगी। इसके लिए हम सबको अपना जीवन पवित्र और सर्व दैवीगुणों से संपन्न बनाना है, ईश्वर पिता के नवसृष्टि स्थापना के कार्य में सहयोगी बनना है।

इस अवसर पर मीडिया विंग की आबू मुख्यालय कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी चंदा बहन ने कहा इस समय हम सभी परिवर्तन की राह पर हैं, अतः हमें आध्यात्मिकता से संपन्न बन योग की गहन अनुभूति करनी है। इसके लिए स्वयं को देह से भिन्न आत्मा समझकर सर्व के प्रति आत्मा भाई-भाई की दृष्टि पक्की करनी है।

शक्ति निकेतन की संचालिका ब्रह्माकुमारी करुणा दीदी ने सभी का परिचय देते हुए ब्रह्माकुमार करुणा भाईजी का संस्था के अतिरिक्त महासचिव बनने के बाद पहली बार इंदौर आगमन पर विशेष सम्मान किया। कालानी नगर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी ने ईश्वरीय महावाक्यों का वाचन किया। शक्ति निकेतन की कुमारियों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने किया।

आरंभ में करुणा भाईजी ने डिवाइन विजडम स्पिरिचुअल आर्ट गैलरी तथा शक्ति निकेतन का अवलोकन किया।

# चेकअप के लिए घंटों लाइन में खड़ी रहती है गर्भवती महिलाएं

पीथमपुर। औद्योगिक नगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदहाली की तस्वीर सामने आई है। गर्भवती महिलाओं को चेकअप के लिए घंटों लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान महिलाओं को न केवल असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। उनके बैठने के लिए कोई व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं की गई है।



स्वास्थ्य केंद्र पर हर दिन बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं नियमित जांच और टीकाकरण के लिए पहुंचती हैं, लेकिन स्टाफ की कमी और अव्यवस्थित प्रणाली के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। कुछ महिलाएं शिकायत करती हैं कि कई बार समय पर उनकी बारी नहीं आती और उन्हें अगले दिन फिर आना पड़ता है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एरव पुत्रवधू पूजा गौड़ के मध्य काफी समय से वैचारिक मतभेद चले आ रहे है। मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं इन मतभेदो के कारण मेरे घर में जबरदस्त मानसिक तनाव का माहौल काफी समय से व्याप्त है।उपरोक्त कारण से मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं पुत्रवधू पूजा गौड़ को अपनी सम्पत्ति एवं घर से बेदखल कर दिया है। वर्तमान मैं स्वयं, मेरी पत्नि रखा बाई गौड़, मेरे पिता ओंकारसिंह गौड़, मेरी माता श्रीमती तेजूबाई गौड़, मेरा छोटा पुत्र अर्जुनसिंह गौड़, उसकी पत्नि श्रीमति शिवानी गौड़ उक्त मकान मे निवास करते है, मुझसे एवं मेरे परिवार के सदस्यों एवं अन्य रिश्तेदारों से आज के पश्चात् मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं पुत्रवधू पूजा गौड़ का कोई संबंध नहीं है भविष्य में उक्त दोनों के कारण गौड़ एवं या इनके द्वारा प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद से मेरा या मेरे पुत्र मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं पुत्रवधू पूजा गौड़ तथा मेरे छोटे भाई इंदरसिंह गौड़ तथा उसके परिवार के सदस्यों तथा अन्य किसी भी नातेदार का कोई संबंध नही रहेगा। मेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं पुत्रवधू पूजा गौड़ में से किसी के भी द्वारा किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि से किया गया कोई भी व्यवहार या कार्य मुझ पर या मेरे मेरे किसी भी नातेदार पर मेरी या मेरे नातेदारों की व्यक्तिगत हितबद्धता व सम्मती न होने पर बंधनकारक नही रहेगाढ्ढमेरे पुत्र सुमेरसिंह गौड़ एवं पुत्रवधू पूजा गौड़ के द्वारा मुझसे मेरे परिवार के सदस्यों एव मेरे रिश्तदारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत या किसी भी न्यायालय के समक्ष कोई भी कार्यवाही या किसी भी अन्य प्रकार से विधिक कार्यवाहियों की जावेगी तो वो उपरोक्त में से किसी भी व्यक्ति पर बंधनकारी नहीं होगी और न ही पुलिस द्वारा उक्त दोनो में से किसी भी पक्ष द्वारा की गई शिकायत पर मुझे व मेरे नातेदारो को अनावश्यक परेशान किया जावेगा। सो सूचित हों।

इन्दौर, दिनांक

**घनश्यामसिंह गौड़ पिता ओंकारसिंह गौड़**



## मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## भगवान की लीला अदभुत है

सुनने में आता है कि वे सर्वशक्तिमान हैं, फिर भी लोग हमेशा उनकी बातों पर यकीन नहीं करते। पर जब संकट आता है, तब याद करते हैं। जब कुछ अच्छा होता है, तो बहुत कम लोग धन्यवाद देते हैं, लेकिन जब कुछ बुरा होता है, तो सब एक साथ गालियाँ देने लगते हैं। बारिश न हो, घर का कोई बुरा हो जाए, बीमारी फैले, या कोई प्रतियोगिता हार जाए, बस यही गालियाँ सुनाते हैं।

अनेकों जीव, अजीब स्वभाव, विभिन्न धर्म और इच्छाएँ, अद्भुत रंगों का जाल बुनकर सभी को इस चक्रव्यूह में उलझा दिया है उस ऊपर वाले ने।एक व्यक्ति खुश होकर अपना समय बिता रहा है, लेकिन कोई उसकी खुशी में खलल डालकर उसे रुला देता है। कोई दुखी है, तो एक बार में उसे भी खुशी का अनुभव करा दिया जाता है। एक को घटाया, एक को बढ़ाया, एक को बनाया, एक को बिगाड़ा। तिनके को पर्वत बना दिया और पर्वत को तिनका। राजा को रंक बना दिया और रंक को राजा। भरपूर को खाली कर दिया और खाली को भर दिया।

सामाजिक दार्शनिक, विद्वान, गरीब, मूर्ख, धनवान, और सुंदर लोग। कुरूपता को सुंदरता में बदल दिया, और सुंदरता को कुरूपता में। अच्छे सेवक को बुरा बना दिया, बुरे सेवक को अच्छा। यह सब दुनिया की अजीब बातें हैं। लोग अपने पूर्वजों की मृत्यु को देखते हैं और फिर भी जीते रहते हैं। सोचते हैं, मैं तो नहीं मरूंगा, और मर भी गया, तो सब मेरे साथ जाएगा। सच तो यह है कि इंसान सोचता है, हम तो बस खाने-पीने में लगे हैं, कभी यह नहीं सोचते कि हमारी बारी भी आएगी। यहाँ सब मज़ाक है, तमाशा है, खेल है, धूमधाम है, मस्ती है, मूर्खता है। लोग खिलौनों की तरह बिखरे पड़े हैं, परंतु उनके समझ में भेद है। परिवार के रिश्तों के बावजूद लोग जाति, वर्ण, धन, और स्त्री-पुरुष के आधार पर भेद करते हैं। यह वही विलक्षणता है कि भारतीयों को पहले भगवान ने लक्ष्मी और विद्या दी। अब वे शिक्षित हो रहे हैं, परंतु दास बनकर रह गए हैं। यह भी वही विलक्षणता है कि जिस भूमि पर महान राजाओं ने राज किया, वहाँ आम आदमी है, और जो लोग इस धरती का इतिहास पढ़ते हैं, वही आज मूर्ख बने हुए हैं। यह वही अद्भुतता है कि हम अखबार लिखते हैं और गर्व करते हैं कि हमारे लेखों से लोगों को कुछ लाभ होगा। भला, नक्कारखाने में तूती की आवाज़ किसने सुनी है? सब अपने रंग में मस्त हैं। उन्हें छोड़ने की हिम्मत नहीं, क्यों छोड़ें? क्यों विराग करें? दुनिया मिट जाए, हमें क्या? हम कौन हैं जो कुछ कहें? पर लोग अपने काम में ऐसे लगे हैं कि यह सब भी उसी की माया है। इसी से हम कहते हैं कि भगवान की लीला अद्भुत है।

# पीड़िता के मकान की पहले की नप्ती, अतिक्रमणकर्ता रजिस्ट्री ही नहीं दिखा पाया

## नपा दस्तावेज रिकार्ड के अनुसार जांच दल ने नप्ती की तो पीड़िता ने मानने से किया इनकार

**जावरा फोटो 1।** नगर के नया मालीपुरा क्षैत्र की भाजपा पार्षद के पिता द्वारा पड़ोसी के मकान को दबाते हुए अतिक्रमण कर शासकीय भूमि पर मकान निर्माण कर लिया था। पीड़ित परिवार पिछले 6 साल से न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित परिवार की प्रियंका पति भेरूलाल उर्फ राजु पोरवाल अपनी 5 और 15 वर्षीय बेटी के साथ सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के आफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। तब जाकर जांच कमेटी का गठन हुआ और तहसीलदार संदीप इवने और सीएमओं दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में नपा के 3 इंजीनियरों और आरआई सहित 1 दर्जन से अधिक कर्मचारी मंगलवार सुबह 10.30 बजे नया मालीपूरा मौके पर पहुंचे। भाजपा पार्षद कालु कदम भी मौके पर मोजुद थे। विडंबना यह रही कि सबसे पहले नपा द्वारा गठित जांच दल ने शिकायतकर्ता प्रियंका पोरवाल के मकान का सरकारी नक्शा मंगवाया और फिर पीड़िता के मकान की सबसे पहले नप्ती की। यहां रजिस्ट्री के नक्शे के अनुसार



10 फीट की गली निकली और बाकी सब कुछ औके रहा। फिर शासकीय भूमि पर मकान निर्माण करने वाले भाजपा महिला पार्षद के पिता मुलचंद माली के मकान की सरकारी रजिस्ट्री अधिकारियों ने मांगी तो मुलचंद रजिस्ट्री प्रस्तुत नही कर पाए। तहसीलदार संदीप इवने ने बताया मुलचंद के पास सरकारी रजिस्ट्री नही थी और वे बोले कि यह तो पुस्तैनी घर है। जबकि 2019 में तत्कालीन नपा इंजीनियर अरविंद गंगराड़े और कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन सीएमओं डॉ. केशवसिंह सगर ने मुलचंद के मकान के कुछ हिस्से को शासकीय भूमि पर बताया था। फिर 1 फरवरी 2020 को तत्कालीन इंजीनियर गंगराडे की मौजुदगी में शासकीय भूमि पर बने टैंक को तोड़कर सेंटिंग को अतिक्रमण मानकर हटाया गया था। अब सवाल यह उठता है कि जब मुलचंद के पास सरकारी रजिस्ट्री ही नही है तो नगर पालिका अधिकारी नपा रिकार्ड को ही सर्वे सर्वो मानकर नप्ती करने में क्यो जुट गए?। इधर पीड़ित प्रियंका पोरवाल ने अधिकारियों को साफ शब्दों में कह डाला कि सरकारी रजिस्ट्री के अनुसार ही मै मुलचंद के मकान की नप्ती स्वीकार करूंगी।

### नपा दस्तावेजों में हो सकती है गडबड़ी

मुलचंद द्वारा सरकारी रजिस्ट्री प्रस्तुत नही करने के बाद जांच दल ने नगर पालिका के दस्तावेजों के रिकार्ड अनुसार मुलचंद के घर की नप्ती की तो वहा 7 फीट और कम मकान निर्माण बना हुआ पाया गया। यानि नगर पालिका के दस्तावेजों में 24 बाय 68 रिकार्ड है और मुलचंद ने 24 बाय 61 में ही निर्माण कर रखा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नगर पालिका के रिकार्ड अनुसार ही घरों की नप्ती मान्य होगी, क्या नगर पालिका के दस्तावेजों में गडबड़ी नही हो सकती। आरोप तो यह भी लगा है कि मुलचंद ने 50 रूपये के स्टाम्प पर पीएम आवास के नगर पालिका से ढाई लाख रूपये भी प्राप्त कर लिए।

### जांच दल से असंतुष्ट परिवार कलेक्टर दरबार पहुंचा

6 साल में 100 से अधिक बार सीएम हेल्प लाईन में शिकायत दर्ज करने के बाद जांच दल की जांच से असंतुष्ट होकर पीड़ित प्रियंका पोरवाल मंगलवार दोपहर अपने परिवार के साथ कलेक्टर दरबार रतलाम पहुंची। संभागायुक्त आने के चलते पीड़ित परिवार को 2 घंटे इंतजार करना पड़ा। जैसे ही शाम को कलेक्टर राजेश बाथम आए तो पीड़ित भेरूलाल ने उनके पैर पकड़ लिए। उन्है बताया कि बिना रजिस्ट्री के ही नगर पालिका द्वारा गठित जांच दल ने मुलचंद के मकान की नप्ती कर डाली। कलेक्टर ने आवेदन लेते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की मनाई जन्म जयंती

### कांग्रेस नेता बोले-देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर उद्योगों का किया विकास

**जावरा ।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कार्यकाल बहुत ही प्रभावशाली रहा है, उनका पहला कार्यकाल प्रधानमंत्री के रूप में सन् 1966 से 1977 व दूसरा कार्यकाल 1980 से 1984 तक रहा और उन्होंने हर क्षेत्र में कार्य कर आर्थिक सुधार किया है। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण और उद्योगों का विकास किया। दूसरी ओर सामाजिक न्याय उन्होंने गरीबी हटाओ योजना और बाल विकास योजनाओं को प्रारंभ की। इसके साथ ही विदेश नीति राष्ट्रीय एकता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी इन्हीं उपलब्धियों के कारण उन्हें कई पुरूस्कारों से सम्मानित भी किया गया, जिसमें भारत रत्न पुरूस्कार भी शामिल है। ऐसी आयरन लेड़ी का आज जन्मदिन मनाते हुए न सिर्फ कांग्रेस पार्टी वरन उन्है हर वर्ग आज भी याद करता है क्योंकि उनके कार्य और उपलब्धियां इस देश को आगे बढ़ाने में बहुत ही महत्वपूर्ण रही है। उक्त विचार




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. एचएस राठोर, वरुण श्रोत्रीय, नीतिराजसिंह, शांतिलाल दसेड़ा, मोहन सैनी, अन्नपूर्णा पंवार आदि वक्ताओं ने व्यक्त किए। इस मौके पर महेन्द्र गंगवाल, नपा चेयरमेन आसिफ कबाड़ी, लोकेश विजवा, मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, पार्षद कन्हैयालाल हाड़ा, पवन चौरसिया, अनिल सोनी, महेश शर्मा, अशोक सिसोदिया, साबिर पटेल, नदीम, प्रभुलाल रारोतीया, महेश राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन अभय सुराणा ने तथा आभार मसूद परदेसी ने माना।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 34 आवेदन प्राप्त हुए

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डे ने जनसुनवाई करते हुए 34 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम अर्जला निवासी जितेन्द्र ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी के भाई का देहांत हो चुका है तथा भाई के चार बच्चों का लालन-पालन प्रार्थी द्वारा किया जा रहा है। प्रार्थी के अलावा अन्य कोई कमाने वाला नही है। अतः प्रार्थी को शासन द्वारा चलाई जा रही बाल आशीर्वाद योजना का लाभ प्रदान किया जाए। आवेदन निराकरण के लिए महिला बाल विकास विभाग को भेजा गया है।

# पुरूषार्थ की भावना से किया कार्य जिन शासन की करता है अनुमोदनाः मुनिश्री

**जावरा ।** स्व.मदनलाल नाहर एवं स्व.संगीता धर्मपत्नी शेखर नाहर की स्मृति तथा ध्यान योगी श्री चंद्रयश विजयजी मसा की निश्रा में विधि विधान के साथ पवित्र भक्तांबर श्रौत के जाप का अनुमोदनीय आयोजन नाहर निवास पर संपन्न हुआ। जिसमे बड़ी संख्या



में धर्मनिष्ठ सुश्रावक एवं श्राविकाओं ने भाग लिया। भक्तांबर श्रौत के जाप के बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया। मुनि प्रखर प्रवचनकार चंद्रयश विजयजी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुषार्थ की भावना से किया गया प्रत्येक कार्य जिनशासन की अनुमोदना है, हमे काम क्रोध मद लोभ की प्रवृत्ति का त्याग कर अहंकार से दूर अपने जीवन में दया, करूणा, साधना, आराधना, सरलता, सौम्यता और माधुर्यता का समावेश कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिए तभी हमारा यह मनुष्य जीवन जिनशासन की शोभा बनेगा। धर्मसभा मुनिश्री की महामांगलिक के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम इंद्रादेवी-स्व. मदनलाल नाहर व उनके सुपुत्र शेखर नाहर द्वारा प्रायोजित किया गया था। शेखर नाहर ने मुनिश्री चंद्रयश विजयजी मसा की अगवानी की तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

# जन संघर्ष समिति ने एमपीआरडीसी का जलाया पुतला

**जावरा ।** शहर के जोयो होटल से भुतेड़ा तक 4 ओवरब्रिज बनाए जा रहे है। भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इस रोड़ से निकलने वाले सुपर कॉरीडोर रोड़ निर्माण का जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने विरोध दर्ज कराते हुए एमपीआरडीसी कंपनी का पुतला फूंक डाला।

इससे पहले वे रैली के रूप में एमपीआरडीसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोयो चौराहा पहुंचे। समिति के असलम मेव, जगदीश सोलंकी, सतीश, मुस्तफा विलायती, राजेश, ईश्वरलाल ने बताया जावरा शहर की ओर से यदि सुरप कॉरीडोर रोड़ निकलता है तो जावरा की अर्थव्यवस्था




चौपट हो जाएगी। शहर की नई दिशा बदलने के लिए जावरा-उज्जैन फोरलेन पर बडे पुलो का निर्माण तेजी से चल रहा है। जिसमें जोयो होटल से लगाकर भुतेड़ा बायपास तक करीब 4 ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति हो चुकी है। इसी डिजाईन से कार्य किया गया तो पूरे शहर की व्यवसायिक अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। 4 ओवरब्रिज एवं वर्तमान में रेलवे ओवरब्रिज के साथ प्रस्तावित लुहारी फंटा तथा 8 लेन से मानो ऐसा लगेगा कि पूरे जावरा शहर को ओवरब्रिजों ने पहाड़ी के रूप में घेर लिया है। शहर में एक साथ इतने ओवरब्रिज से चारो ओर विकास रूक जाएगा और भविष्य के लिए कोई गुंजाईश नही बचेगी। जन संघर्ष समिति ने मांग कि है की सुपर कॉरीडोर रोड़ 8 लेन की ओर जोड़ी जाए जिससे जावरा शहर का व्यापार-व्यवसाय सुचारू रूप से चलता रहे।

### राजा भोज जन कल्याण समिति ने मनोहरसिंह का किया सम्मान

**जावरा ।** श्री राजा भोज जन कल्याण समिति रतलाम मालवा के राष्ट्रीयध्यक्ष नरेंद्रसिंह पंवार द्वारा शहर के ख्याति प्राप्त कवि एवं गीतकार मनोहरसिंह चौहान का सम्मान उनकी सुंदर और सहज रचना धर्मिता हेतु उपर्णा संग सम्मान पत्र एवं साहित्यिक कृतियां प्रदान कर श्री राजपूत बोर्डिंग रतलाम में विगत दिनों किया। इसके पूर्व भी कवि मनोहरसिंह का सम्मान निर्दलीय समाचार पत्र समूह भोपाल द्वारा विश्व साहित्य सम्मान गांधी हाल भोपाल में वार्षिक समारोह के अंतर्गत प्रदान कर सम्मानित किया गया। अब तक इन्हें विभिन्न सस्थाओं ओर साहित्यिक पटलों द्वारा करीब 195 सम्मान पत्र प्राप्त हो चुके है।

# महाविद्यालय में मनाया महिला उद्यमिता दिवस

### आत्मनिर्भर बनने के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में बढे आगे :डॉ.जैन-

**जावरा ।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला उद्यमिता दिवस मनाया गया। इस दौरान महिलाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करने हेतु वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रीना जैन द्वारा एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एजी पठान ने कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और महाविद्यालय की ओर से हर

संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. रीना जैन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि कैसे महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़कर न सिर्फ अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकती हैं बल्कि समाज का भी विकास कर सकती है।

स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी मनप्रीतसिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में एक



महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। संचालन वाणिज्य विभाग सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कौशल ने किया।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग रतलाम**

**//नामान्तरण सूचना//**

विक्रम नगर रतलाम स्थित मण्डल की विकसित आवासीय कॉलोनी में योजना (21 एम.आई. जी. विक्रम नगर रतलाम में सें) भवन क्रंमाक एम-44 एम.आई.जी. श्री उत्तमसिंह चौधरी पिता श्री शारदा प्रसाद चौधरी के नाम से आवंटन आदेश क 2792-94 दिनांक 14.07.1992 द्वारा एकमुश्त आधार पर आंवटित किया गया था। श्री उत्तमसिंह चौधरी पिता श्री शारदा प्रसाद चौधरी द्वारा उक्त भवन पेटे की तद्समय की सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात उक्त भवन का विकय-विलेख एवं करार मण्डल द्वारा दिनांक 13.04.2006 एवं लीज नवीनीकरण करार मण्डल द्वारा दिनांक 29.11.2022 को उप पंजीयक कार्यालय रतलाम में पंजीयन करा दिया गया है। श्री उत्तम सिंह चौधरी पिता श्री शारदा प्रसाद चौधरी द्वारा उक्त भवन का विक्रय कर उपपंजीयक कार्यालय रतलाम में दिनांक 13.02.2023 श्रीमति सविता आर्य पति श्री अनुराग जी आर्य को पंजीकृत करा लिया गया था। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुवे उक्त भवन कंमाक एम-44 एम.आई.जी विक्रम नगर रतलाम को विक्रय से विक्रय के आधार पर श्री उत्तम सिंह चौधरी पिता श्री शारदा प्रसाद चौधरी से श्रीमति सविता आर्य पति श्री अनुराग जी आर्य के नाम से नामान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संबंधित को आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे 15 दिन की अवधि में लिखित रूप में सबूत प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार उक्त भवन क्रमाक एम-44 एम.आई.जी विकम नगर रतलाम को विक्रय से विक्रय के आधार पर श्री उत्तम सिंह चौधरी पिता श्री शारदा प्रसाद चौधरी से श्रीमति सविता आर्य पति श्री अनुराग जी आर्य के नाम से नामान्तरण किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**म.प्र.गृ.नि. एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

# हैंडबॉल के 4 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**जावरा ।** राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता दमोह में गत दिनों आयोजित हुई जिसमें उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर जावरा हैंडबॉल क्लब के 4 खिलाड़ियों का चयन 68 वीं राष्ट्रीय शालेय मिनी बालक/बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 से 29 नवंबर तक छत्तीसगढ के महासमुंद्र में आयोजित होगी। वहीं मध्यप्रदेश की टीम का प्री-नेशनल कैंप 18 से 22 नवंबर तक दमोह जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित होगा। पांच दिवसीय प्री-नेशनल कैंप के बाद मध्यप्रदेश की बालक एवं बालिका की टीम दमोह से छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना होंगी। व्यायाम निर्देशक विजय रावल ने



बताया कि जावरा के मिनी बालक वर्ग में जपमितसिंह सलुजा, हेमंत राठौड़ एवं मिनी बालिका वर्ग मे भव्या बघेरवाल, प्रियांशी धाकड़ का चयन म.प्र. की 16 सदस्य टीम में हुआ है। ये चारों खिलाडी प्री-नेशनल कैंप दमोह के लिए कोच शाहिद हुसैन के साथ रवाना हुए। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सगर, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, भगतसिंह महाविद्यालय प्राचार्य एजी पठान, सीएम राइज प्राचार्य राजेंद्र बोस, उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्रसिंह सोलंकी, अपारसिंह गंभीर, मनुदेवसिंह चंद्रावत, अंसार हुसैन आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अष्टमुखी श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का 64 वां प्रतिष्ठा महोत्सव आज



**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुजारी परिवार द्वारा आज दिनांक 20 नवम्बर 2024, बुधवार को भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का भव्य 64 वां प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी को भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इस कारण हर वर्ष इस तिथि पर यह आयोजन पुजारी परिवार द्वारा किया जाता है। पुजारी परिवार के सदस्यों ने बताया कि आज 20 नवम्बर को आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत प्रातःकाल से ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। जिसमें सर्वप्रथम प्रातः 7.30 बजे से 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा महारूद्र अभिषेक प्रारंभ किया जाएगा। अभिषेक पश्चात् अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव के प्रतीमा का एवं गर्भगृह का विशेष फूलों से भव्य व नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं से चारों द्वार से भगवान के विभिन्न रूपों में दर्शन होंगे। साथ ही 51 हजार लड्डूओं का भगवान को भोग लगाया जाएगा। सायं 6.15 बजे बाबा पशुपतिनाथ जी की महाआरती होगी। प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है साथ ही 51 हजार लड्डूओं के भोग तैयार किया जा रहा है।

## भारत विकास परिषद की अगुवाई में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा

**भानपुरा (मन्दसौर)।** भारत विकास परिषद भानपुरा तथा शाखा विक्रमादित्य उज्जैन के तत्वावधान में आज 20 नवम्बर को अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री दिव्यानंद जी तीर्थ महाराज की पावन स्मृति में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित करने जा रहा है। शिविर अमलतास हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर इटावा देवास के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। इस शिविर में सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक परीक्षण कर निःशुल्क उपचार करेंगे व दवाई वितरण करेंगे।भारत विकास परिषद भानपुरा शाखा के अध्यक्ष मनोज वधवा, सचिव विजय शर्मा, शिविर संयोजक सुधीर नवलखा, सह संयोजक अमित हरसोला ने सभी क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। यह शिविर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी दिव्यानंद नंद जी तीर्थ की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया है। यह शिविर शासकीय अस्पताल भानपुरा में सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक चलेगा।

## मंदसौर में सर्द हवाओं का असर : 15 डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तापमान

**मंदसौर।** जम्मू काश्मीर में शुरू हुई बर्फबारी और पहाड़ी क्षेत्रों में चल रही जेट स्ट्रीम हवाओं के असर से ठंड का असर बढ़ गया है। पिछले दो दिनों में तापमान में गिरावट देखने को मिली है । जिले में अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह हल्की धुंध का भी असर है। मौसम जानकारों के अनुसार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बर्फबारी शुरू हो गई है। जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। ऐसे में उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में भी आएगी, जिससे ठिठुरन बढ़ेगी। आने वाले दिनों में पारे में और भी गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज होने से प्रदेश में इसका असर दिखेगा। अभी हवाएं तो आ रही हैं लेकिन उनकी रफ्तार कम है।

## अज्ञात निराश्रित दिवंगत का अंतिम संस्कार समाजसेवी बंसल ने किया

**मंदसौर।** प्रतिदिन गांधी चौराहा पर भोजन ग्रहण करने आने वाले व्यक्ति जिनका नाम पिंटू है पिछले कई दिनों सेवा बैंक में आए। बीमार होने पर पिंटू को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया उसके बावजूद भी वह भोजन करने के लिए आ रहा था दो-तीन दिन पहले ही जब वह सहज आए कहा सिर्फ दो रोटी और सब्जी चाहिए। जबकि उस दिन समोसे और मिठाई भी थी लेकिन पिंटू ने कहा मुझे नहीं चाहिए बस में बहुत कम समय का मेहमान हूं। बंसल ने बताया कि सहज मैंने उससे बात की नाम पता क्या है आपको कोई समस्या हो तो बताओ। उसने कहा मैं आपसे आकर मिलूंगा लेकिन वो नहीं आया और सुबह 11 बजे करीब जिला चिकित्सालय से चौकी प्रभारी श्री नासिर भाई का फोन आया कि एक व्यक्ति जिसका नाम पिंटू उम्र लगभग 35 से 40 के बीच उसका देहांत हो गया है उसका अंतिम संस्कार करना है सूचना मिलने के बाद सारी व्यवस्थाओं के साथ नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत शर्मा और जाकिर भाई को फोन लगाकर शव वाहन से बस स्टैंड होते हुए कैलाश मार्ग से मुक्तिधाम ले जाकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया गया। पिंटू को जब चिता पर लिटाया गया तो लगा कि उसकी जेब में कुछ है तो जो हमारे मुक्तिधाम के कर्मचारी ने दोनों जेब देखे तो गले फटे नोट थे जिन्हें अन्न क्षेत्र न्यास कमेटी में कार्यालय प्रभारी राजेश डोसी को वह राशि 1651 रुपए सौंपी। नोट बिल्कुल गल चुके थे शायद बहुत दिनों से उसकी जेब में थे। प्रभु उसकी आत्मा को शांति दे उसका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि सुनील बंसल ने दी।शव वाहन चालक यशवंत एवं नगर पालिका के स्वास्थ्य कर्मचारी ने भी सहयोग किया।

## केमपुरी में दशपुर विद्यालय मंदसौर ने मार्च पास्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**मंदसौर।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय टोली नायक प्रशिक्षण शिविर रतलाम जिले में मारुति एकेडमी सातरुंडा में सम्पन्न हुआ। जिसमें स्काउट्स एंड गाइड्स की आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताआओं में मार्च पास्ट प्रतियोगिता में दशपुर विद्यालय मंदसौर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता की ट्राफी प्राप्त की। कैम्पूरी से लौटकर आज विद्यालय पहुंचे दल ने विजयी ट्राफी एवं सहभागिता प्रतीक चिन्ह प्राचार्य प्रिंस सर को सौंपी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के चीफ कमिश्नर/ राज्य अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह पुरावत, राज्य मुख्यालय आयुक्त डॉ. क्षितिज पुरोहित विद्यालय के हिन्दुस्थान स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रभारी कुणाल शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। श्री विजयसिंह पुरावत और डॉ.क्षितिज पुरोहित ने प्राचार्य श्री प्रिंस सर को उनके विद्यालय की विजय पर बधाई दी और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# भानपुरा में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया

## नवनियुक्त अध्यक्ष डां. प्रमिला नाहर व सहयोगी महिला पदाधिकारियों ने शपथ ली

**भानपुरा (मन्दसौर)।**

किसी भी सामाजिक व जन सेवा के कार्य करने का उद्देश्य अपने मन की संतुष्टि होता है, ओर इसके लिए व्यक्ति को बहुत कुछ सहन करना होता है। उक्त विचार गरोठ भानपुरा क्षेत्र के विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के शपथ ग्रहण समारोह में अपने संबोधन में व्यस्त किए ।

समारोह की अध्यक्ष जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष जैन मामा ने अपने संबोधन में कहा कि जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप का उद्देश्य है मानव सेवा, जिसे हम कर रहे है, जैन समाज के सभी पंथों को एकजुट कर यह संगठन बनाया है। आपने कहा कि आज सरकार ने जैन समाज को भी अल्पसंख्यक कि श्रेणी में रखा है। ओर अल्पसंख्यक के लिए कई लाभकारी योजनाएं भी शुरू की है जिसका जैन समाज कोई लाभ नहीं ले रहा है। इसका लाभ अन्य अल्पसंख्यक ले रहे हैं। जैन समाज के लिए अल्प संख्यक शब्द ठीक तो नहीं है पर अब शासन ने घोषित कर ही दिया है तो लाभकारी योजनाएं विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लें। समारोह को पुर्व विधायक देवीलाल धाकड़, फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल पुष्पा नाहर, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन, राष्ट्रीय प्रचार सचिव



अशोक बोहरा, निर्वतमान अध्यक्ष हर्षवर्धन चौरडय़िा,नव नियुक्त अध्यक्ष डां. प्रमिला नाहर ,सुधीर नवलखा, कपिला विशाल चौरडय़िा ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष जैन मामा ने नव नियुक्त अध्यक्ष डा. प्रमिला नाहर डा. पारस नाहर को अध्यक्ष पद कि शपथग्रहण कराई व बेज लगाकर अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कराया। अन्य पदाधिकारी गण को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन ने शपथ दिलाई। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष जैन मामा का अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया। अभिनंदन पत्र का वाचन अन्जु पियुष कीमती ने किया। मंगलाचरण भारती नाहर व प्रियंका नवलखा ने प्रस्तुत किया। स्वागत गीत दिपीका गांग व श्वेता चौरडय़िा ने प्रस्तुत किया। इस समारोह में राजस्थान रीजन चेयरमैन गौतम जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पारस कटारिया,संजय बाफना,राजेश नाहर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। नव नियुक्त अध्यक्ष डा. प्रमिला नाहर का नगर कि कई सामाजिक संस्थाओं भारत विकास परिषद,जैन श्वेताम्बर श्री संघ, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, महिला मण्डल व गणमान्य नागरिकों ने भी स्वागत व सम्मान किया। इस समारोह में भवानी मण्डी ग्रुप अध्यक्ष नवीन जैन,गरोठ अध्यक्ष आतिश छाजेड़, चौमहला अध्यक्ष राजेश जैन, एडवोकेट गौतम बापना,झालरापाटन सचिव पंकज चौरडय़िा, अशोक लोढ़ा, कुलदीप छाजेड़, प्रसन्न लोढ़ा,भारत विकास परिषद अध्यक्ष मनोज वधवा, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के अमित हरसोला,महावीर ठाई,कोमल सामरिया, पंकज जैन समारोह में उपस्थित थे। भानपुरा ग्रुप के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का शाल दुपट्टा डालकर व माला पहनाकर कर स्वागत किया। संचालन दिपीका सुमेर नाहर ने किया व आभार ग्रुप की सचिव भारती नितीन नाहर ने व्यक्त किया।






# पशुपतिनाथ मेले के सांस्कृतिक मंच पर टैलेंट ऑफ मंदसौर ने प्रस्तुति दी

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ जी के 62 वे भव्य मेले के सांस्कृतिक मंच पर टैलेंट ऑफ मंदसौर के कलाकारों और स्थानीय अंचल की प्रतिभाओं ने दी धमाकेदार प्रस्तुति।18 नवंबर सोमवार की रात्रि टैलेंट ऑफ मंदसौर के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार त्रिवेदी के साथी कलाकारों (संख्या 62)और अंचल की प्रतिभाओं ने अपनी मनमोहक और अद्भुत प्रस्तुतियां दी।

देव डांस कंपनी देव सैनी ने अपने ग्रुप द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज़ किया,स्वर की देवी वॉइस ऑफ़ लता श्रीमती सुगन देवी गंधर्व मैं तुलसी तेरे आंगन की सुनाकर खूब दाद बटोरी,देव कनेरिया की मधुर बांसुरी ने सभी को अचंभित किया ।

मेरे ढोलना और पंख होते तो उड़ जाती रे सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया । श्री महावीर व्यायाम शाला नीम चौक नगरी के उस्ताद दिनेश धाकड़ की पूरी टीम ने हैरत अंगेज मलखंभ का शानदार प्रदर्शन किया ,स्टैंडअप कॉमेडियन और जादूगर लॉफ्टर फेम मिमिक्री आर्टिस्ट अमित सोनी ने अपने कॉमेडी अंदाज से गुदगुदाया ,वाइस ऑफ कुमार सानू मनीष कनोदिया तुमसा कोई प्यारा कोई मासूम नहीं है गीत गा कर माहौल को खूबसूरत बनाया,दशकों को थिरकने के लिए मजबूर किया,कवि ध्रुव तारा ने मेरा हिंदुस्तान है ये ...कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी और शायर डीजे सिंह ने कविता की महत्ता का आयोजन का कुशल संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, सूत्रधार ने किया ।

### आज पशुपतिनाथ मेला में राजस्थानी कार्यक्रम होगा

नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह मेला अधिकारी पीएस धारवे ने बताया कि आज दिनांक 20 नवंबर बुधवार को रात्रि 8.30 बजे भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेला मे सांस्कृतिक रंगमंच पर रंगारंग राजस्थानी कार्यक्रम होगा जिसमें कलाकारों के द्वारा राजस्थानी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जावेगी नगर के गणमान्य नागरिकों से आग्रह है कि वह इस कार्यक्रम का आनंद लेने हेतु मेला में अवश्य पधारे ।

## रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार : जमीन बटवारे के लिए मांगे थे 25 हजार, लोकायुक्त ने 10 हजार के साथ पकड़ा



**मंदसौर।** उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को मंदसौर जिले में पटवारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लोकायुक्त पुलिस की 10 सदस्यीय टीम ने फरियादी की शिकायत के आधार पर ये कार्रवाई की। ईशाकपुर तहसील निवासी फरियादी धर्मेंद्र मालवीय ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके पारिवारिक बंटवारे के संबंध में हल्का नंबर 42 के पटवारी जगदीश पाटीदार ने उनसे 25 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पटवारी ने ये रकम तहसीलदार के नाम पर मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस के एसपी अनिल विश्वकर्मा ने फरियादी की शिकायत की जांच की। इसके बाद डीएसपी राजेश पाठक और एएसपी सुनील तालान के नेतृत्व में एक 10 सदस्यीय टीम का गठन किया। टीम ने पटवारी को रंगे हाथ पकडऩे के लिए ट्रैप प्लान किया। आज (मंगलवार) दोपहर धर्मेंद्र मालवीय पटवारी जगदीश पाटीदार को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपए देने के लिए कोर्ट परिसर स्थित एसबीआई बैंक के बाहर बुलाया। जैसे ही पटवारी ने पैसे लिए किए, लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से और भी पूछताछ की जा रही है।

## पीजी कॉलेज में विश्व मधुमेह दिवस पर हुआ विशेष व्याख्यान

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 नवंबर 2024 को महाविद्यालय में इको क्लब एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा विश्व मधुमेह दिवस पर आधारित एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालयीन इको-क्लब प्रभारी डॉ. प्रेरणा मित्रा ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बताया कि डायबिटीज रोग से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. सुधाकर राव ने विद्यार्थियों को अपने व्याख्यान में ऐसे पौधों की विस्तृत जानकारी प्रदान की । महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने इस प्रकार के कार्यक्रम करने हेतु महाविद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. संतोष कुमार शर्मा, प्रो. सुनील कुमार शर्मा, डॉ. उजमा चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में 67 ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन एवं अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 67 ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी।अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौराननिवासी पिपल्या विश्न्या के अशोक कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान की राशि स्वीकृत होने के बाद भी राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन ने सीईओ जनपद पंचायत मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि उक्त आवेदन की जांच कर निराकरण करें।निवासी गागसी के दशरथ लाल द्वारा स्वयं के हिस्से के प्लाट जबरन ग्राम पंचायत से मिलकर दूसरे व्यक्ति के नाम पर करने एवं प्रार्थी को परेशान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन ने तहसीलदार शामगढ़ को निर्देश दिए कि आवेदन की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निवासी धामनिया की श्यामु बाई द्वारा उनके पति की मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन ने सीईओ जनपद पंचायत सीतामऊ को निर्देश दिए कि उक्त आवेदन की जांच कर राशि की भुगतान की कार्यवाही करें।निवासी नाहरगढ़ के दशरथ माली के द्वारा शासकीय कुएं को अवैध तरीके से निजी व्यक्ति के नाम पर चड़ाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन के द्वारा सीतामऊ एसडीएम को निर्देश दिये गये की आवेदन की जांच करें एवं शासकीय कुएं से अतिक्रमण हटावायें। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये।

**श्रीमती इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर के आम आदमी के लिए बैंकों का रास्ता खोला – रातडिया**

# शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**मन्दसौर।**

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन मन्दसौर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस जन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी भारत ही नहीं पूरे विश्व की महान नेता थी और उन्होंने बचपन से ही देशभक्ति का पाठ पढ़ा और अपने आप को देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया । उन्हें महात्मा गांधी के चरणों में बैठने का अवसर मिला रविंद्र नाथ टैगोर के शिक्षा संस्थान से उन्होंने शिक्षा ग्रहण करी । कई बार स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लिया और कई बार जेल यात्रा करी । 1942 के आंदोलन में श्रीमती इंदिरा गांधी और उनके पति फिरोज गांधी को विवाह के साढ़े चार माह के बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । 1947 में देश आजाद हुआ तब




प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बने और उनके सानिध्य में श्रीमती इंदिरा गांधी गतिविधियों में लगातार सक्रिय रही । सन 1959 में श्रीमती इंदिरा गांधी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी । नेहरू पंडित नेहरू पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने और उनकी कैबिनेट में स्वर्ग की श्रीमती इंदिरा गांधी सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनी । इसके बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद कांग्रेस पार्टी की संसदीय दल की बैठक हुई जिसमें मतदान के द्वारा इंदिरा गांधी को नेता चुना गया और वह प्रधानमंत्री बनी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में कई विकास कार्य किए ।

शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कहा कि आज के दिन ही 19 नवंबर 1960 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने हमें गांधीनगर डेम की सौगात दी थी जो कि एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है ।

इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, तरुण खींची, डॉ.प्रीतिपाल सिंह राणा, आसिफ छिपा,अजय लोढ़ा,सुश्री इष्टा भाचावत,सकलेन करार,राजनारायण लाड़ ,सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, जगदीश जटिया ,घनश्याम चौहान, अमीन खान, सादिक गोरी, सुरेश कछारा आदि इस अवसर पर उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया कार्यक्रम का आभार सेवादल अध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने माना ।



## प्रज्ञा ने गर्ल्स नाइट की एक झलक साझा की

प्रज्ञा कपूर ने अपनी गर्ल गैंग के साथ कई अतरंगी तस्वीरें पोस्ट की हैं, और ये इतने मजेदार हैं कि इन्हें मिस करना नामुमकिन है!हम सभी के पास एक ओजी गर्ल गैंग है जिसके साथ हम घूमते हैं, और ऐसा लगता है कि प्रज्ञा कपूर के पास भी एक ओजी गर्ल गैंग है! हाल ही में, मॉडल और फिल्म निर्माता ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी गर्ल्स नाइट की कुछ तस्वीरें साझा कीं, और यूं कहें कि वे इतनी अंतरंगी हैं कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। तस्वीरों की एक सीरीज में, हम देख सकते हैं कि हर कोई इस रात वास्तविक बातचीत के लिए बिना किसी डिवाइस (बिना फोन) के मस्ती कर रहा है और एक-दूसरे के साथ तस्वीरें खींच रहा है।तस्वीरों की श्रृंखला में, प्रज्ञा कपूर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती और यादें संजोती नजर आ रही हैं, जिनमें तमन्ना भाटिया, काजल अग्रवाल, राशा थडानी, निश्का लुल्ला, डायना पेंटी और लीपाक्षी एलावडी शामिल हैं।

## काशिका बनीं पसंदीदा सोशल मीडिया स्टार




अभिनेत्री काशिका कपूर Gen-Z की सबसे पसंदीदा अभिनेत्री बनीं, बॉलीवुड स्टार किड्स को पीछे छो?कर, इंस्टाग्राम पर 18.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ शीर्ष स्थान हासिल कियाआज के दौर में, जहां सोशल मीडिया अभिनेताओं के करियर का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, काशिका कपूर बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली और पसंदीदा ल्दठु-" स्टार के रूप में उभर रही हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 18.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जिससे उन्होंने सुहाना खान, शनाया कपूर, पलक तिवारी और वेदांग रैना जैसे बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया है। काशिका ने खुद को इंडस्ट्री की सबसे प्रिय नवागंतुक के रूप में स्थापित किया है।



## नोरा हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो पायल में

नोरा फतेही ने एक बार फिर अपने नवीनतम सहयोग से सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ, नोरा उनके आगामी संगीत वीडियो पायल में उनके बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी से अभिनय करेंगी। सोशल मीडिया पर नोरा ने म्यूजिक वीडियो का टीज़र पोस्ट किया और इसे कैप्शन दिया, यह अगली बड़ी चीज का समय है। एल्बम ग्लोरी से पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो जिसे यो यो हनी सिंह द्वारा गाया है एवं फीचर नोरा फतेही है और इसे [illegible]स पर जारी किया है।इससे पहले, हनी सिंह ने [illegible] मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा [illegible]ी, जिसमें खुलासा किया था कि उन्होंने [illegible]गीत वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस तापमान में फिल्माया है।

## तेरे बिन गीत मेरी संगीत विरासत को आगे बढ़ाएगा




मुंबई अलंकृता सहाय भारतीय मनोरंजन उद्योग में सबसे मेहनती और प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं। वह अतीत में कई सफल संगीत वीडियो का हिस्सा रही हैं। इतना ही नहीं, अभिनेत्री वर्तमान में सिनेमाघरों में अपनी आखिरी फिल्म टिपसी की सफलता पर भी सवार हैं। उनके प्रदर्शन के लिए आलोचनात्मक प्रशंसा से लेकर कई पुरस्कार जीतने तक, उनके पास यह सब था और अब, पृथ्वी पर सभी आत्मविश्वास के साथ, वह अपनी अगली परियोजना के साथ रॉक एंड रोल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कुछ समय पहले अलंकृता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया कि वह टीआईपीएस म्यूजिक के एक आगामी रोमांटिक संगीत वीडियो में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और तब से टीज़र के लिए कुछ गंभीर इंतजार किया जा रहा है। आखिरकार, टीज़र कुछ दिन पहले जारी किया गया था और इसने निश्चित रूप से सभी सही कारणों से सभी को परेशान कर दिया है।

## आयुष्मान खुराना की यूएस टूर पर क फैन ने फेंके डॉलर



बॉलीवुड स्टार और सिंगर आयुष्मान खुराना इस समय अपने बैंड आयुष्मान भव के साथ अमेरिका में म्यूजिक टूर कर रहे हैं। शिकागो, न्यूयॉर्क और सैन जोस में शानदार परफॉर्मेंस के साथ आयुष्मान को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। हाल ही में न्यूयॉर्क में उनके एक कंसर्ट के दौरान, एक फैन ने उनके इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर डॉलर फेंक दिए। आयुष्मान ने शो को रोकते हुए इस इशारे को शालीनता से संभाला और उस व्यक्ति से विनम्रता पूर्वक अनुरोध किया कि यह पैसे किसी चैरिटी में दान करें। यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। एक दर्शक ने लिखा, यह बहुत निराशाजनक है कि लाइव कंसर्ट के दौरान कोई ऐसी असभ्य हरकत कर सकता है। आयुष्मान खुराना, जो अपनी विनम्रता और ग्रेस के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने इस घटना को बहुत ही क्लासी तरीके से हैंडल किया। उन्होंने उस व्यक्ति से पैसे को दान करने की अपील कर एक बड़ा संदेश दिया।

## रजत का सच आया सामने



के बादल पे पांव है में रजत ने बानी को छोड़ दिया और लावण्या (भाविका चौधरी) के साथ रहने लगा। हालांकि, बानी इससे टूट गई, लेकिन उसने अपने ससुराल वालों के साथ रहने का फैसला किया। उसने अपने ससुर बिशन (के साथ मिलकर एक किफायती वेडिंग प्लानिंग बिजनेस शुरू किया ।लावण्या जान-बूझकर खन्ना परिवार के एक विवाह समारोह में बाधा डालती है, जिससे रजत को अपने परिवार को इस तरह के तनाव में डालने के लिए उससे भिड़ना पड़ता है। जैसे-जैसे गुस्सा बढ़ता है, एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आता है- बानी को छोड़ने का रजत का कदम लावण्या के साथ एक सीक्रेट डील का हिस्सा था ताकि बानी को जेल जाने से बचाया जा सके। बानी के इनसाइडर ट्रेडिंग की रिपोर्ट करने की लावण्या की धमकियों के बीच रजत बानी और उसके परिवार को सुरक्षित रखने के लिए खलनायक बनने का नाटक कर रहा है।

## सत्यजीत रे की पाथेर पंचाली एक्ट्रेस उमा दासगुप्ता का निधन

1955 में रिलीज हुई सत्यजीत रे की फिल्म पाथेर पंचाली में नजर आईं एक्ट्रेस उमा दासगुप्ता का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। एक्ट्रेस लंबे समय कैंसर से जंग लड़ रही थीं। उन्होंने कोलकाता के अस्पताल में आखिरी सांस ली। उमा दासगुप्ता के निधन की पुष्टि उनके रिश्तेदार और एक्टर चिरंजीत चक्रवर्ती ने की है। कैंसर से जूझ रहीं वेटरन एक्ट्रेस का इलाज बीते कुछ दिनों से कोलकाता के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। तृणमूल कांग्रेस के लीडर और बंगाली राइटर कुणाल घोष ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उमा को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा है, पाथेर पंचाली की दुर्गा अब चली गई हैं। बताते चलें कि उमा दासगुप्ता को सत्यजीत रे की फिल्म पाथेर पंचाली के लिए जाना जाता है। फिल्म में उन्होंने दुर्गा रॉय की बेहतरीन भूमिका निभाई थी। दरअसल, उमा की स्कूल के हेडमास्टर, उस दौर के मशहूर फिल्ममेकर सत्यजीत रे के दोस्त हुआ करते थे। जब सत्यजीत रे ने अपने हेडमास्टर दोस्त को फिल्म में काम करने के लिए एक लड़की का सुझाव मांगा, तो उन्होंने उमा का नाम लिया और इस तरह 14 साल की



उम्र में उमा का फिल्मों से रिश्ता जुड़ा। इसके बाद उमा चंद आर्ट फिल्मों का ही हिस्सा रहीं, लेकिन वो कभी मेन स्ट्रीम सिनेमा से नहीं जुड़ीं। फिल्म पाथेर पंचाली, बिभूतिभूषण की इसी नाम की नावेल पर बनी थी।

## 'डॉक्यूमेंट्री से फुटेज हटाओ नहीं तो 10 करोड़ दो'



साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के ओपन लेटर के बाद अब धनुष के वकील ने एक स्टेटमेंट जारी किया है, जिसमें उन्होंने नयनतारा के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की बात की। साथ ही 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर डॉक्यूमेंट्री से वो फुटेज नहीं हटाए गए, तो 10 करोड़ का हर्जाना देना होगा। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री नयनतारा: बियॉन्ड द फेरीटेल को लेकर एक्ट्रेस और धनुष के बीच काफी समय से अनबन चल रही है। मेरे क्लाइंट प्रोड्यूसर हैं और वे जानते हैं कि फिल्म के प्रोडक्शन का एक-एक पैसा कहां खर्च हुआ है। किसी भी व्यक्ति को पर्दे के पीछे की तस्वीरें फिल्म में शामिल करने के लिए कमीशन नहीं दिया है और कहा गया बयान निराधार है। आपको इसके लिए सख्त सबूत पेश करने होंगे। हाल ही में एक्ट्रेस नयनतारा ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने धनुष को खरी-खोटी सुनाई थी। एक्ट्रेस ने लिखा था, 'आप अपने पिता और भाई की बदौलत एक कामयाब एक्टर बने हैं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था, इसलिए मुझे संघर्ष करना पड़ा और आज फिल्म इंडस्ट्री में मैं अपनी बदौलत खड़ी हूं। मेरे फैंस मेरा काम जानते हैं और उन्हें मेरी डॉक्यूमेंट्री का इंतजार है, लेकिन आपके रवैये ने हमारे काम पर बड़ा असर डाला है।

## टाइगर ने इंटरनेट पर मचाया तहलका!

बॉलीवुड के मास एक्शन किंग टाइगर श्रॉफ ने बागी 4 के पहले पोस्टर के अनावरण के साथ इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। पोस्टर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए टाइगर ने लिखा, एक डार्क स्पिरिट, एक खतरनाक मिशन। इस बार वह सेम नहीं हैं। उनके गहन नए लुक के साथ जोड़ी गई मनोरंजक टैगलाइन ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया है। बॉलीवुड में एक्शन को नई परिभाषा देने के लिए जाने जाने वाले टाइगर का बागी 4 लुक एक नेचुरल आकर्षक और गुस्सैल युवा व्यक्ति की छवि पेश करता है, जिसकी प्रशंसक और आलोचक समान रूप से प्रशंसा कर रहे हैं।



## राग दरबारी



### ठोस कदम उठाने की फंडेबाजी

इधर भाषणों और नारों में ठोस कदम उठाने का विशेष स्थान है। चाहे यह कोई राजनेता हो, सोशल मीडिया का योद्धा या फिर गली के नुक्कड़ पर बैठे ज्ञानवान चाचा जी! हर कोई ठोस कदम उठाने की बात करते हैं। इन सब चीजों से अजीज आकर मैंने भी फैसला कर लिया है कि मैं भी आज-कल में ही कोई ठोस कदम जरूर उठा लूंगा। ये ठोस कदम उठाकर मैं रखूंगा किधर इस पर अभी कोई सोच विचार नहीं किया है। बस एक बार मौका मिला नहीं कि मैं ठोस कदम उठा ही लूंगा। इस संबंध में सभी आम और खास टाइप के लोगों को सूचना देता हूं कि इस महीने की आखिरी तारीख को शाम 7 बजे मैं अपना ठोस कदम उठा लूंगा। जिस किसी बंदे-बंदी को मेरे ठोस कदम उठाने पर ऐतराज हो, वो इस तारीख से पहले-पहले इस पर वाद दायर कर सकता है, इसके बाद जब एक बार मैंने ठोस कदम उठा लिया फिर कोई भी ना-नुक्कर नहीं कर पाएगा। ठोस कदम आखिर है क्या बला? क्या ये कंक्रीट से बना कोई कदम है, जिसे उठाने में इंजीनियरों की टीम लगानी पड़े? या फिर यह ऐसा कदम है जिसे उठाने के बाद पैरों तले ज़मीन खिसक जाए? सच्ची ठोस कदम का मतलब यही है कि कुछ भी ठोस किया न जाए। ठोस से तात्पर्य यही है कि कदम इतने भारी हो कि कोई और उसे उठा ही न पाए! कुर्सी-जीवी नेताजी कहते हैं, हम ठोस कदम उठाएंगे।


इसका अर्थ यह है कि वोट मिलते ही पांच साल तक कोई कदम नहीं उठाएंगे। जब कहीं बाढ़ आती है या पुल गिरता है, तो सरकार कहती है, हम ठोस कदम उठाएंगे। पुल तो फिर भी ठोस बनता है, पर कदम? वे केवल कागजों में बंदर-बांट के लिए उठते हैं। जब कोई बॉस कहता है, हम इस समस्या पर ठोस कदम उठाएंगे, तो इसका अर्थ है कि अगली मीटिंग तक ये समस्या ठंडी पड़ जाएगी। मोहल्ले में कचरा फैलाने पर शर्मा जी हर बार कहते हैं, ÷भाई साहब, अब तो ठोस कदम उठाना ही पड़ेगा।÷ ठोस कदम? उन्होंने डस्टबिन खरीदने के बजाय कचरा पड़ोसी के गेट के बाहर डालना शुरू कर दिया। जब संयुक्त राष्ट्र कहता है कि ÷हम जलवायु परिवर्तन के लिए ठोस कदम उठाएंगे,÷ तो इसका मतलब यह है कि अगले सम्मेलन तक सब कुछ वैसा ही रहेगा। दुनिया के बड़े नेता ठोस कदम के नाम पर मीटिंग्स में चाय और कॉफी के कप ठोस रूप से उठाते हैं। फिर अपने-अपने पाद से इन संकल्पों की हवा निकालते रहते हैं। किसी को सुधारने का वादा करना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। किसी गलती को सुधारने का आश्वासन देना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। जब कुछ भी नहीं करना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। एक आदमी ने ठोस बजट बनाने की कोशिश की तब वह महीने में दो बार नूडल्स खा रहा है। कल से मैं जिम जाऊंगा कहकर ठोस कदम उठाने वाले लोग बिस्तर पर पड़े हुए पिज्जा खाते रहते हैं। कल से रोज 1 घंटे योग करूंगा, कहकर ठोस कदम उठाने वाले बंधु रोज बिस्तर में पड़े-पड़े चाय की घूंट लेते दिखते हैं। तो भैया! आप भी जल्दी से बिस्तर में पड़ जाओ और कोई न कोई ठोस कदम उठा ही लो!

रामविलास जांगिड़, 18, उत्तम नगर, घूघरा, अजमेर
(305023) राजस्थान

## माननीयों के समर्थक-रिश्तेदार नहीं बनेंगे ओहदेदार

### भाजपा संगठन चुनाव : सांसद, मंत्री और विधायकों पर कड़ी नजर

इंदौर। विधानसभा-लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अब भाजपा का पूरा फोकस संगठन चुनाव पर है। भाजपा में संगठनात्मक बदलाव के लिए संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फिलहाल बूथ स्तर पर भाजपा के सक्रिय सदस्यों को पदाधिकारी चुना जा रहा है। भाजपा के संगठन चुनाव पर केंद्रीय नेतृत्व की विशेष नजर है। इसके लिए जारी हाईकमान के निर्देश में कहा गया है कि बूथ, मंडल या जिलाध्यक्ष के चुनाव निष्पक्ष और सर्वसम्मति से होने चाहिए। विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में बैठाने का प्रयास करें तो उसे सफल न होने दिया जाए।



इसका सीधा आशय यही है कि कोई भी जनप्रतिनिधि संगठन को जेब में रखने यानी अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश करेगा तो ऐसे प्रयास को विफल कर देना है। चुनाव से जुड़े प्रभारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनप्रतिनिधियों के घर बैठकर संगठन चुनाव की औपचारिकता नहीं निभाई जाए। इसकी वजह यह मानी जा रही है कि मप्र में सत्ता शीर्ष पर जो पीढ़ी परिवर्तन हुआ है, उससे संगठन प्रभावित नहीं हो।

भाजपा के संगठन पर्व के तहत 14 नवंबर से बूथ कमेटी के चुनाव शुरू हो चुके हैं जो 20 नवंबर तक चलेंगे। भाजपा का संगठन पर्व पर हमेशा से ही सर्वाधिक फोकस रहता है। मप्र को लेकर केंद्रीय नेतृत्व विशेष तौर पर गंभीर रहता है। इसका कारण यह है कि मप्र का भाजपा संगठन पार्टी की प्रयोगशाला रही है। संगठन क्षमता यहां इतनी मजबूत है कि चुनाव हो या कोई अन्य चुनौती, पार्टी का प्रदर्शन सदैव श्रेष्ठ रहा है। यही वजह है कि पार्टी संगठन चुनाव में किसी तरह की कोई कोताही बरतना नहीं चाहती। स्व. कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खंडेलवाल, कैलाश जोशी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया को प्रदेश में संगठन की मजबूत नींव रखने का श्रेय दिया जाता है।

#### समर्थक-रिश्तेदारों को बैठाने से परहेज

पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस पर भाजपा के संगठन चुनाव में विधायक-सांसदों पर कड़ी नजर है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बूथ, मंडल या जिलाध्यक्ष के चुनाव निष्पक्ष और सर्वसम्मति से होने चाहिए। विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में बैठाने का प्रयास करें तो उसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा पीढ़ी परिवर्तन की रणनीति पर काम कर रही है। इसका सीधा आशय यही है कि कोई भी जनप्रतिनिधि संगठन को जेब में रखने यानी अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश करेगा तो ऐसे प्रयास को विफल कर देना है। पिछले संगठन चुनाव में बुंदेलखंड के एक विधायक ने अपने घर पर ही संगठन चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी करवा ली थी। बाद में शिकायत मिली तो नए सिरे से प्रक्रिया करवाई गई।

महाकौशल और विंध्य क्षेत्र में कुछ ताकतवर मंत्रियों ने भी अपने समर्थकों को ही पदाधिकारी बनवा दिया था। पार्टी चाहती है कि ऐसे किसी मामले की पुनरावृत्ति न हो। पिछली बार हुए चुनावों में अधिकांश विधायकों ने अपने चहेते कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष बनवा लिया था। इसकी शिकायत दिल्ली तक हुई थी। तब शिकायतों के आधार पर प्रदेश संगठन ने कुछ मंडल अध्यक्ष भी बदले थे। इस बार संगठन सांसद, विधायकों और संगठन के जिले के नेताओं से चर्चा के बाद मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन करेगा। पार्टी का प्रयास होगा कि सर्वसम्मति से अध्यक्ष का नाम तय हो और कही भी चुनाव की नौबत न आए।

#### नड्डा की कार्यशाला में बनेगी रणनीति

जानकारी के मुताबिक दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर आयोजित कार्यशाला पार्टी के नेताओं ने एक ही संदेश दिया जाएगा कि पार्टी अपनी ताकत का एहसास करने के लिए तैयार रहे। जिला स्तर तक कार्यशालाएं कराकर भाजपा इस बार के संगठन चुनाव को और मजबूत बनाएगी। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अगले 90 दिनों में भाजपा के जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष में परिवर्तन को तय करने की रणनीति बनी है।

इस कार्यशाला में भाजपा के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों और सभी प्रदेश अध्यक्षों सहित संगठन से जुड़े लगभग सवा सौ शीर्ष नेता शामिल होंगे। संगठन चुनाव के पहले चरण में 14 से 20 नवंबर तक संगठन चुनाव का पहला चरण पूरा हो जाएगा। इसमें बूथ कमेटियों का गठन हो जाएगा। मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले 22 नवंबर को सभी राज्यों के चुनाव प्रभारियों की दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें अगले चरणों की तिथि तय की जाएगी। पार्टी नेताओं का यह भी आंकलन है कि इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है।

#### जातीय समीकरण तय करेंगे जिलाध्यक्ष

भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की गतिविधियों ने गति पकड़ ली है। दिसंबर माह के अंत में जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। जिलाध्यक्ष पद के लिए अंचल के सभी जिलों में जोर अजमाइश शुरु हो गई है।

जिलास्तर पर बूथ और मंडल के चुनाव होने के बाद प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व जिलाध्यक्षों के नाम पर विचार करेगा। यह तय माना जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों में जातीय समीकरणों को साधने का प्रयास करेगी। वहीं जिलों में अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए बड़े नेताओं ने अपने खेमों से नाम छांटना शुरु कर दिए हैं।

## इन्दौर नगर निगम वार्ड 44 मामला, सुप्रीम कोर्ट ने नंदिनी मिश्रा की याचिका की निराकृत

इन्दौर। कोर्ट प्रकरणों के चलते इन्दौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 में वर्तमान में कोई पार्षद नहीं है। जीती हुई पार्षद का चुनाव जहां एक कोर्ट ने निरस्त कर दूसरे निर्वाचन में दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी को निर्वाचित करने का निर्णय दिया था वहीं दूसरी कोर्ट ने इस पर स्थगन दें दिया जिसके चलते दोनों हीं पक्षों द्वारा उच्च न्यायालय सिंगल बेंच, डबल बेंच सहित सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचें है। लेकिन अब इस वार्ड के पार्षद पद पर नियुक्ति की स्थिति साफ होने की उम्मीद जागी है जब मामले में एक पक्ष कांग्रेस की नंदिनी मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली और सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत याचिका निराकृत कर दी कि इस मामले में निशा देवलिया (दूसरे पक्ष) द्वारा हाई कोर्ट में प्रस्तुत रिवीजन याचिका लंबित है। इन्दौर नगर निगम वार्ड क्रमांक 44 के इस पूरे मामले में बता दें कि सर्वप्रथम जिला न्यायालय ने निशा देवलिया के निर्वाचन को इस आधार पर निरस्त कर दिया था कि उन्होंने निर्वाचन आयोग के समक्ष दिए गए शपथ पत्र में गलत जानकारी दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में निर्वाचन आयोग से कहा था कि वह चुनाव में दूसरे स्थान पर रही नंदिनी मिश्रा को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट जारी करे। जिला न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जो वर्तमान में लंबित है। और कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। इसके चलते नंदिनी मिश्रा सुप्रीम कोर्ट पहुंची। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका का यह कहते निराकरण कर दिया कि हाइकोर्ट में फिलहाल रिविजन लंबित है।

## अब जिलों से ब्लॉक तक कांग्रेस की होगी सर्जरी

### दो दिनों तक पीसीसी पदाधिकारियों से मंथन करेंगे पटवारी

इंदौर। बुधनी और विजयपुर उपचुनाव का रिजल्ट घोषित होने से ठीक पहले एमपी कांग्रेस दो दिनों तक मंथन करेगी। भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 21 और 22 नवंबर को कांग्रेस की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति और प्रदेश स्तरीय समितियों की बैठकें होंगी। इन बैठकों में कांग्रेस के दिग्गज प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिले से लेकर ब्लॉक, मंडलम्, सेक्टर और बूथ तक के संगठन में बदलाव को लेकर विचार-मंथन करेंगे।

कांग्रेस के संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को सुबह 10 से कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों की बैठक रखी गई। बैठक में समिति के सदस्य शामिल होंगे।

इस समिति में प्रदेश प्रभारी भंवर जीतेंद्र सिंह, जीतू पटवारी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, कांतिलाल भूरिया सहित कुल 25 मेंबर हैं। 21 नवंबर को ही दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्यों, स्थायी आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक होगी।

इस बैठक में प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

#### पदाधिकारियों की बैठक होगी

दूसरे दिन 22 नवंबर को सुबह 10 बजे से प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यसमिति के सदस्य जिसमें उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और संयुक्त सचिवों की बैठक पीसीसी के सभागार में होगी। इस बैठक में भी भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मार्गदर्शन देंगे।

#### जिलों से लेकर सेक्टर तक बदलेगा संगठन

जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने करीब 11 महीने होने वाले हैं। अब कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जिलों से लेकर बूथ तक कांग्रेस के संगठन में बदलाव को लेकर चर्चा होगी।

दो दिनों तक चलने वाली बैठकों में होने वाली चर्चा का रिकॉर्ड बनाकर उसके अनुसार आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

#### छह जिलों में साल भर से जिला अध्यक्ष नहीं

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेस के संगठन की सर्जरी जल्द करने जा रहे हैं। छह जिले ऐसे हैं जहां कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष ही साल भर से नहीं हैं। इसके अलावा कई ब्लॉक अध्यक्ष ऐसे हैं जो पार्टी छोड़ गए। प्रदेश भर में खाली पड़े पदों को भरने की कवायद जल्द शुरू होगी।

#### 19 को फाइनल होगा बैठकों का एजेंड़ा

19 नवंबर को कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति में होने वाली मुख्य चर्चाओं का एजेंड़ा तैयार हो जाएगा। पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने पहले 19 नवंबर को बुलाई गई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का एजेंडा मांगा था।

हालांकि अब कार्यसमिति की तारीख भी बदल गई है और अब 19 नवंबर को एजेंडा भी फाइनल हो जाएगा।

## भाजपा संगठन में पहली बार बनाया गया वॉट्सएप प्रमुख

इंदौर। मप्र में भाजपा के संगठन की तारीफ कई बार पीएम मोदी से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक कर चुके हैं। तकनीक के इस युग में अब इस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए भाजपा ने पहली बार वॉट्सएप प्रमुख बनाने का काम शुरू किया है। प्रदेश का पहला वॉट्सएप प्रमुख भी बना दिया है। भोपाल के रहने वाले रामकुमार चौरसिया प्राइवेट जॉब करते हैं। वे मप्र के पहले वॉट्सएप प्रमुख बने हैं। भोपाल में उनका बूथ क्रमांक 223 है। रामकुमार के मुताबिक, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद प्रभावित हैं और उन्हीं की वजह से उनका झुकाव भाजपा की तरफ हुआ। रामकुमार ने कहा कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद युवाओं में देश के प्रति जो भाव दुनियाभर में जागा है और जिस तरह से आज दुनिया भारत की ओर देख रही है, उससे उन्हें गर्व महसूस होता है और इसलिए उन्होंने भाजपा से जुडने का फैसला किया। रामकुमार ने कहा कि भाजपा ने मुझे प्रदेश का पहला वॉट्सएप प्रमुख बना दिया है।

मेरी कोशिश होगी कि पार्टी की विचारधारा और सरकारी योजनाओं की जानकारी अपने बूथ के सभी मतदाताओं तक वॉट्सएप के जरिए पहुंचा सकूं। बता दें कि संगठन चुनाव को लेकर तैयारी शुरू करते हुए हाल ही में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भोपाल के वार्ड-80 से खुद पन्ना प्रमुख बनकर बूथ संगठन पर्व का उद्घाटन किया था। भाजपा ने हर बूथ पर 12 पदाधिकारियों का एक ढांचा तैयार किया है, जिसे पूरे प्रदेश के सभी 65,015 बूथ तक लेकर जाया जाएगा। हर बूथ पर सबसे पहले एक बूथ अध्यक्ष होगा। फिर बूथ मंत्री, बीएलए-2 जो कि पार्टी कार्यकर्ता होगा। जो जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, उनमें वॉट्सएप प्रमुख, मन की बात प्रमुख, हितग्राही प्रमुख, पन्ना प्रमुख आदि होंगे। हर बूथ में 12 लोगों की जो कार्यसमिति बनेगी, उसमें तीन महिलाओं का होना अनिवार्य किया गया है, ताकि संगठन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़े।

## कटाक्ष

### कीर्तिमान

दल बदलने में
जो अपना कीर्तिमान रचते हैं
वही आजकल
राजनीति में टिकते हैं

### एक ही थाली में

संसद में सांसद
एक दूसरे के गले पड़ते हैं
विरोधी को दुश्मन समझकर
वहां खूब लड़ते हैं
मगर संसद के बाहर
सब कुछ भूल जाते हैं
एक ही थाली में खाते हैं

### भाईचारा

भाई होकर भाई का
सारा चारा खा जाते हैं
इस तरह वे
भाईचारा निभाते हैं

### नोंचना

आदमी जब से ही
गिद्ध बन गया हैं
तब से गिद्धों ने
नोंचना छोड़ दिया हैं

### ढ़लना

कभी राम तो कभी
रावण बन जाता हूं
मैं नेता हूं इसलिए
अवसर आने पर
हर सांचे में ढ़ल जाता हूं



रमेश मनोहरा
शीतला माता गली जावरा
(म.प्र.)
457226, जिला रतलाम
मो. 9479662215

## यूरिया लूटकांड मामले में मनोज चावला समेत पांच आरोपी बरी

इंदौर। आलोट में नवंबर 2022 में हुए चर्चित यूरिया लूटकांड मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस मामले में नामजद पांच आरोपियों को बरी कर दिया है। इनमें तत्कालीन कांग्रेस विधायक मनोज चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह जादौन और तीन अन्य आरोपी शामिल थे। 10 नवंबर 2022 को आलोट में किसानों की भीड़ ने यूरिया के लिए गोदाम पर धावा बोला दिय था। गोदाम प्रभारी भगतराम यदु (54) ने इस दबाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद प्रशासन ने तत्कालीन कांग्रेस विधायक मनोज चावला को मुख्य आरोपी बनाया और लूट व डकैती की धाराओं में मामला दर्ज किया। इस घटना के चलते इलाके के एसडीएम और टीआई को भी अपने पद से हटना पड़ा था। कोर्ट ने सभी आरोपियों को प्रमाणों की कमी के आधार पर बरी किया। गोदाम प्रभारी भगतराम की आत्महत्या को लेकर अदालत में पर्याप्त सबूत नहीं मिले, जो आरोपियों को दोषी ठहरा सकें। गोदाम प्रभारी पर आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का मामला भी साबित नहीं हो सका।

घटना के समय, मनोज चावला कांग्रेस विधायक थे और उन्होंने बीजेपी सरकार पर इसे राजनीतिक साजिश बताया था। 2023 में चावला बीजेपी में शामिल हुए, जिससे इस मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी में भी बदलाव आया। बरी होने के बाद चावला ने कहा कि दूध का दूध, पानी का पानी हो गया। योगेंद्र सिंह जादौन, किसान नाहर सिंह, बालू सिंह, और तंवर सिंह इन सभी पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और डकैती की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज था। यह फैसला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है, खासकर चावला के बीजेपी में शामिल होने के बाद। किसानों के आंदोलन और दबाव से जुड़े मामलों में न्यायिक प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल उठे। इस फैसले से प्रभावित परिवारों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए कई अनुत्तरित प्रश्न अभी भी बाकी हैं।

## मालवा-निमाड़ में कांग्रेस को बड़ा झटका देने की तैयारी में भाजपा

**कांग्रेस का टिकट लेकर विधायक बने अवसरवादी नेता भाजपा में जाने की तैयारी में... मंत्री बनने की जुगत**

**- भाजपा के दिल्ली और भोपाल के दो वरिष्ठ नेता हैं मध्यस्थ की भूमिका में**

**- बदले समीकरण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी ले रहे हैं रुचि**

इंदौर। भाजपा में रहकर विधायक बने मालवा-निमाड़ क्षेत्र के एक नेता को जब भाजपा ने टिकट देने से इनकार कर दिया तो वे कांग्रेस में जाकर विधायक तो बन गए, लेकिन कांग्रेस की सरकार नहीं बनने से अवसरवादी नेता फिर भाजपा का हाथ थामने की तैयारी में हैं। साथ ही भारतीय जनता पार्टी मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कांग्रेस को एक बड़ा झटका देने की कोशिश में लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के प्रभाव वाले इस क्षेत्र के एक वरिष्ठ कांग्रेस विधायक जल्दी ही भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। ये विधायक मध्यप्रदेश के एक कैबिनेट मंत्री के घुर विरोधी माने जाते हैं।

तीसरी बार विधायक चुने गए उक्त नेता की भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं से चर्चा हो चुकी है। इनमें एक नेता दिल्ली में अच्छा खासा प्रभाव रखते हैं तो दूसरा मध्यप्रदेश की राजनीति में। प्रदेश की भाजपा राजनीति में बदले समीकरण के चलते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उक्त विधायक को भाजपा में लाने में रुचि ले रहे हैं।

दरअसल उक्त विधायक कांग्रेस की सरकार न बनने और कांग्रेस संगठन में भी कोई बड़ा पद न मिलने से नाराज हैं। उनके निशाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार दोनों हैं। विधायक अपने परिचितों और कांग्रेस नेताओं के सामने इन दोनों नेताओं की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी नाराजगी का खुलकर इजहार कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा में शामिल होने की स्थिति में उक्त विधायक को कैबिनेट मंत्री बनने पर भी बड़े नेताओं की रजामंदी है। मामला उनके विभाग को लेकर अटका हुआ है। हालांकि इस विधायक ने चुनाव के दौरान सरकार की घेराबंदी में भी कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। इसके बावजूद विधानसभा की अलग-अलग समितियों के गठन में कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की। विधायक की नाराजगी को देखते हुए इसी दौर में भाजपा के कुछ नेताओं की उनसे बातचीत में इस बात के संकेत मिले कि यदि सम्मानजनक भूमिका मिलती है तो वह कांग्रेस छोड़ देंगे।

तभी से चर्चा का दौर शुरू हुआ। केंद्र में महत्वपूर्ण भूमिका में रहने के बाद अब प्रदेश में संवैधानिक भूमिका निभा रहे भाजपा के बड़े नेता से उक्त विधायक के बहुत मधुर संबंध हैं और ये ही कांग्रेस विधायक को भाजपा में लाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। दिल्ली में एक वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री की भी इस मामले में बड़ी भूमिका है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com